मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-14, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 220 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
24 जनवरी 2024 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
23 अधिकतम
11 न्यूनतम



Page- 7

## मोदी का बिहार में कर्पूरी ठाकुर वाला बड़ा सियासी दांव



प्रसंगवश
राजेश सिरोठिया

रामलला की अयोध्या में भव्य प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश के कोने-कोने से उमड़ रही भीड़ रामलला के दर्शन के बाद मोदी-योगी के नाम की रट लगा रहे हैं। इस भक्ति भाव के मोड से बाहर निकले मोदी 24 घंटे के भीतर सियासी मोड में आ गए और उन्होंने बिहार के दो मर्तबा मुख्यमंत्री रहे अति पिछड़े वर्ग से आने वाले नेता स्व. कर्पूरी ठाकुर के सौवें जन्मदिन के ठीक चंद घंटों पहले उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न देने का ऐलान करके बिहार के नेताओं को सकते में डाल दिया। कर्पूरी ठाकुर कैसे नेता रहे हैं उसकी धुंधली यादें आज भी मेरे स्मृति पटल पर मौजूद हैं। मैं जब 13 वर्ष का था, देश से आपातकाल का खात्मा हुआ था। जेल से बाहर निकलने के बाद बनी जनता पार्टी में शामिल नेता व्दय कर्पूरी ठाकुर और सुब्रमणियम स्वामी की मेरे गृह नगर सागर में एक सभा थी। सभा स्थल था गौरमूर्ति जो पहले तीनबत्ती तिराहा कहलाता था, उसके पास इन दोनों की सभा थी। सभा में भारी भीड़ उमड़ी थी। मैं भी उत्सुकतावश उनको सुनने गया था। दोनों नेता आपातकाल के दौरान घटे किस्से लोगों को याद करा रहे थे और सभा में मौजूद लोग बिल्कुल चुपचाप उनकी बातें सुन रहे थे। आपातकाल तो खत्म हो गया था लेकिन उसका खौफ लोगों के मन में साफ झलक रहा था। इसलिए न तो कोई कांग्रेस के खिलाफ नारे बुलंद कर रहा था और न जनता पार्टी के इन नेताओं की दलीलों के पक्ष में कोई प्रतिक्रिया दे रहा था। अगले दिन जब सुबह मैं जब स्कूल जा रहा था तो गौरमूर्ति के पास मैंने कर्पूरी ठाकुर को एक तांगे में सवार होकर बस स्टैंड की तरफ जाकर देखा तो हैरत में पड़ गया। कर्पूरी ठाकुर को बस में बिठाने वालों का कोई लाव लश्कर नहीं था। वो नितांत अकेले अपने अगले ठौर के लिए रवानगी भर रहे थे। मैं इस समाजवादी नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री की सादगी का कायल होकर रह गया। कांग्रेसी पृष्ठभूमि के परिवार से जुड़ाव होने के चलते मेरे घर नेताओं का आना जाना था। इसी दौरान प्रदेश युवक कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष रामेश्वर नीखरा और उनके साथी महामंत्री प्रतापभानू शर्मा थे जो हमारे दूर के रिश्तेदार होते थे। चुनाव की बातें होने लगीं तो मैने दोनों को कहा कि सागर की कांग्रेसी सांसद सहोद्रा राय तो किसी सूरत में चुनाव नहीं जीतेंगी। मेरी बात सुनकर दोनों चौंके और कारण पूछा। मैने उन्हें सुब्रमणियम स्वामी और कर्पूरी ठाकुर की सभा का जिक्र करते हुए कहा कि सभा में जो माहौल था वह किसी तूफान के पहले वाली शांति ओढ़े था। लिहाजा आप लोगों को भारी उलटफेर वाले नतीजों को तैयार रहना चाहिए। वह बाद में हुआ भी।

कुछ दिनों बाद ही कर्पूरी ठाकुर बिहार जून 1977 में एक बार फिर मुख्यमंत्री बना दिए गए। वह 1 साल 301 दिन मुख्यमंत्री रहे। इसके पहले वह बिहार के 163 दिन सीएम रह चुके थे। लेकिन वह उन गिने चुने समाजवादियों में से थे, जिन्होंने मुख्यमंत्री जैसे ओहदों पर रहने के बावजूद अपनी सादगी नहीं छोड़ी। उन्हें भारत रत्न की घोषणा के प्रति लालूयादव की राजद से लेकर जेडीयू ने तारीफ करते हुए यह दावा भी किया कि वे तो काफी बरसों से इसकी मांग कर रहे थे। लेकिन इस बात का जवाब वो शायद ही दे सकें कि दोनों नेता केंद्र में मंत्री रहते हुए भारत सरकार से अपनी मांग नहीं मनवा पाए।



यह काम उनके जाने के 36 साल बाद मोदी ने उनकी सौवीं सालगिरह की पूर्व संध्या पर एक झटके में करके जो मास्टर स्ट्रोक मारा है, उससे लालू और नीतीश दोनों ही मन मसोसकर रह गए हैं। शायद उन्हें समझ में आ रहा होगा कि भाजपा से लडऩे के लिए इंडिया गठजोड़ बनाने वाले दलों के नेताओं की सोच जहां खत्म होती है वहां से नरेंद्र मोदी और उनके खास सिपहसालार अमित शाह की सोच शुरू होती है। मध्यप्रदेश में मोहन यादव को सीएम बनाकर मोदी-शाह ने यूपी और बिहार के यादव समाज को यह संदेश तो दे ही दिया था कि यादव समाज के बारे में लालू और अखिलेश यादव ही नहीं सोचते हैं। भाजपा भी यादव समाज के प्रति सम्मान का भाव रखती है। अब कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर दोनों नेताओं ने लालू खासतौर से नीतीश कुमार के कुर्मी समाज के साथ बिहार के अति पिछड़ों वाले वोट बैंक में बड़ी सेंधमारी की तैयारी कर ली है। यूं तो बिहार में हुई ताजी जनगणना के मुताबिक बिहार में नापित(नाई) समाज की आबादी मात्र 20 लाख 82 हजार है। लेकिन मोदी के फैसले से न सिर्फ बिहार के दूसरे अति पिछड़े समाज में भाजपा के प्रति सदभाव पैदा होगा बल्कि पूरे देश के सेन समाज में भी भाजपा के पक्ष में वातावरण बनेगा।

### इंडिया गठबंधन को चुनाव से पहले बड़ा झटका

## कल बंगाल पहुंचेंगे राहुल, ममता ने किया अकेले लड़ने का ऐलान



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विपक्षी पार्टियों से मिलकर बने इंडिया गठबंधन को लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा झटका दे दिया है। उन्होंने एलान किया है कि आम चुनाव में सीट साझा करने पर उनका किसी से संपर्क नहीं है। लोकसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी अकेले ही उतर सकती है। यह ऐलान उन्होंने आज तब किया जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा कल बंगाल में दाखिल हो रही है। इसे राज्य में कांग्रेस और लेफ्ट के टीएमसी के साथ लाने की कोशिशों को बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। ममता ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने मेरा कोई भी प्रस्ताव नहीं माना है। ऐसे में हमारी पार्टी अकेले ही चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बंगाल में किसी भी पार्टी में तालमेल नहीं है। इतना ही नहीं, उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए भी उन्हें अब तक न्योता नहीं भेजा गया है। ममता की बातों में उपेक्षा का दर्द और तल्खी भी झलकी। उन्होंने कहा कि मैंने जो भी सुझाव दिए, वह सभी नकार दिए गए। इन सबके बाद हमने बंगाल में अकेले जाने का फैसला किया।

उल्लेखनीय है कि बिहार में भी सीएम नीतीश कुमार की भाजपा की तरफ जाने की खबरं से गठबंधन हिला हुआ है। उन्होंने कल ही राज्यापाल से लंबी चर्चा की है। इधर आज राहुल की बंगल में आने वाली यात्रा पर ममता ने कहा कि हमसे किसी भी तरह की कोई चर्चा नहीं की गई। उन पर राहुल गांधी की कल की प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह कहने का भी कोई असर नजर नहीं आया. राहुल गांधी ने यह कहा था कि ममता बनर्जी और नीतीश कुमार समेत अन्य गठबंधन सहयोगियों के प्रमुख नेताओं को भी बुलाया जाएगा।

ममता ने कहा कि हम सेक्युलर पार्टी हैं और भाजपा को हराने के लिए हमें जो करना होगा हम करेंगे।

## कांग्रेस को सताया अनहोनी का डर, शाह को लिखा खरगे ने पत्र

**नई दिल्ली/गुवाहाटी, एजेंसी।** असम से गुजर रही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जारी झडपों पर कांग्रेसअध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखकर राहुल की सुरक्षा के बार-बार खतरे में पड़ने की बात कही। खरगे ने कहा कि मणिपुर से मुंबई की यात्रा के असम पहुंचने के बाद कुछ ऐसे मौके आए जब असम पुलिस जेड प्लस सिक्योरिटी पाए हुए राहुल गांधी की सुरक्षा में आना चाह रही थी। यात्रा जब सोनितपुर जिले में आई तब, वहां के स्थानीय सुपरिटेंडेंट, जो सीएम सरमा के भाई भी हैं, ने भाजपा कार्यकर्ताओं के कांग्रेस की यात्रा पर हुए हमले को किसी दर्शक की तरह देखा। खरगे ने कहा कि इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के साथ पार्टी के महासचिव जयराम रमेश के साथ झड़प की और उनकी कार पर भी हमला कर दिया। लोगों ने नारेबाजी की और वाहनों पर लगे यात्रा के पोस्टर तक फाड़ दिए। खरगे ने कहा कि 22 जनवरी को नगांव जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के बेड़े को रोक लिया, जिससे उनकी सुरक्षा के लिए एक बेहद खतरनाक स्थिति पैदा हो गई थी। इन सब चौंकाने वाली घटनाओं के बीच जब-जब भाजपा कार्यकर्ता राहुल गांधी के करीब आए, तब-तब असम पुलिस दर्शक बनी खड़ी रही। खरगे ने अमित शाह से मांग की कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करें। ताकि यात्रा के साथ ऐसी कोई अनहोनी न हो जाए।



**सबसे भ्रष्ट व शाह की कठपुतलीः** 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के 11वें दिन आज असम के बरपेटा में राहुल ने मुख्यमंत्री पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने कहा, जैसा असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने जैसा निर्देश दिया है, मीडिया वैसे ही समाचार दिखा रहा है।सीएम हिमंत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाथों की कठपुतली बने हैं वे सबसे भ्रष्ट सीएम हैं।

## राम मंदिर



## व्यवस्था सुधरीं, भीड बढ़ी

**अयोध्या।** राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरे दिन आज भी राम भक्तों में रामलला के दर्शन के लिए भारी उत्साह है। मंगला आरती के साथ ही दर्शन निरंतर जारी हैं। मौके पर प्रमुख सचिव संजय प्रसाद, डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार और स्थानीय अधिकारी मौजूद हैं। कल भारी भीड़ के मंदिर परिसर में घुसने से अव्यवस्था फैल गई थी। मुख्यमंत्री के साथ मंदिर में हुई अफसरों की बैठक के बाद तय हुआ कि मंदिर के बाहर से लंबी लाइन लगाकर दर्शन कराए जाएंगे। आज इसी व्यवस्था के साथ दर्शन किए जा रहे हैं। हजारों लोगों के मंदिर परिसर में आ जाने के बाद भी दर्शन प्रक्रिया सुचारू रूप से बिना धक्के-मुक्के होती रही

## ईवीए साफ्टवेयर तय करता है सरकार किसकी!

**भोपाल।** कांग्रेस नेता व पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने ईवीएम में गडबड़ियों से चुनाव नतीजे प्रभावित होने का मामला फिर उठाया है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर चुनाव आयोग भी दबाव में है और कांग्रेस नेताओं को मिलने का वक्त भी नहीं दे रहा है। अब साफ्टवेयर तय कर रहा है कि सरकार किसकी बने। सिंह ने आज प्रेसकांफ्रेंस में ईवीएम के बहाने निर्वाचन आयोग को भी कठघरे में खड़ा किया। सिंह ने कहा कि हमें इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट पर भरोसा नहीं है। मेरे हाथ में जब तक पर्ची नहीं आएगी, मुझे विश्वास नहीं होगा कि मैंने जिसे वोट दिया है उसे ही मिला है। साफ्टवेयर के माध्यम से गड़बड़ी की जा सकती है। निर्वाचन आयोग भी इस संबंध में कोई जवाब नहीं दे रहा है। आयोग दबाव में काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में सुनवाई है। सिंह ने कहा सॉफ्टवेयर में प्रोग्रामिंग ऐसे की जाती है, जिससे वीवीपैट में भले ही पर्ची कुछ और बताएं, लेकिन कंट्रोल यूनिट में वोट जिसके लिए किया गया है, उसे ही मिलता है और मतों की गणना भी उसके माध्यम से ही होती है। यही कारण है कि हमारी मांग है कि वोटर पर्ची हमें मिले और हम उसे मतपेटी में डालें और उनकी गणना की जाए। कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने निर्वाचन आयोग से इस मुद्दे पर बात करने के लिए समय मांगा है, लेकिन छह माह से समय नहीं दिया जा रहा है। दिग्विजय ने कहा कि ईवीएम में हैकिंग नहीं हो सकती, लेकिन प्रोग्रामिंग के माध्यम से इसमें पहले से निर्धारित किया जा सकता है कि वोट किसे जाएगा।



दिग्विजय ने दिखाया गड़बड़ी का डेमो

**एक्सपर्ट ने दिया प्रेजेंटेशनः** इस मौके पर गुजरात से आए अतुल पटेल ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि साफ्टवेयर के माध्यम से हेराफेरी की जा सकती है। हम यह नहीं कहते कि ऐसा होता है लेकिन यह हो सकता है। उन्होंने बताया कि जब उम्मीदवार निर्धारित हो जाते हैं, उसके बाद ईवीएम में प्रोग्रामिंग की जाती है। इसके लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी ली जाती है। तभी प्रोग्रामिंग होती है। यह कार्य कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि उस प्रक्रिया में शामिल लोग ही कर सकते हैं। गुजरात के चुनाव के समय भी इस विषय को लेकर हमने जागरूकता का काम किया था।

## दिल्ली में पुरानी कार स्क्रेप पर 50 हजार टैक्स छूट

**नई दिल्ली।** अब 15 साल पुरानी पेट्रोल कार या 10 साल पुरानी डीजल कार वालों के लिये दिल्ली सरकार नये नियम बनाने में जुटी है। कबाड़ हो चुके वाहनों को स्क्रैप करने के लिए प्रोत्साहित करने का फैसला किया गया है।



इसके अंतर्गत दिल्ली सरकार ने बेहतर उत्सर्जन मानकों वाले उनके नए गाड़ियों पर रोड टैक्स में 50हजार रुपये तक की सब्सिडी देने का फैसला किया है। अधिकारियों ने कहा कि ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने वाहनों को स्क्रैप करने पर एक मसौदा नीति तैयार की है। इसे सुझाव आमंत्रित करने के लिए जल्द ही जनता के सामने रखे जाने की संभावना है।

## नई कार में सवार चार युवक डूबे

**बिजनौर एजेंसी।** उप्र के बिजनौर में एक कार अनियंत्रित होकर रामगंगा बैराज में देर रात गिर गई। कार में पांच लोग सवार थे इनमें चार की मौत हो गई। जबकि, एक शख्स किसी तरह कार का शीशा तोड़कर बाहर निकल आया, जिससे उसकी जान बच गई। बताया जा रहा है कि कोहरे के कारण वैगनआर कार अनियंत्रित होकर रामगंगा बैराज में जा गिरी। खिड़की ना खुलने के कारण चार युवकों की पानी में डूबने से मौत हो गई। यह युवक नई खरीदी कार पर सवार होकर घूमने निकले थे।

## धार्मिक जुलूस में स्टंट भारी पड़ा, पुलिस ने काटा चालान

**कानपुर एजेंसी।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक्शन लिया है। वीडियो में एक युवक चलती स्कॉर्पियो के बोनट पर खड़े होकर स्टंट करता नजर आया था। उसके हाथ में धार्मिक ध्वज था जिसे वह लहरा रहा था। यह कानपुर के गंगा बैराज का नजारा था। जहां भगवा धोती पहने युवक धार्मिक जुलूस में फिल्मी स्टाइल में स्टंटबाजी कर रहा था। प्रकरण का संज्ञान लेकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत आवश्यक कार्यवाही की गई है। हालांकि, कितने रुपये का चालान काटा गया या वाहन को सीज किया गया है, इस बारे में कोई जानकारी पुलिस ने नहीं दी। वीडियो में स्टंटबाज युवक अगल-बगल चल रही स्कॉर्पियो के बोनट पर खड़े होकर हाथ में भगवा झंडा लहरा रहा था। उसके पैर अलग अलग वाहनों पर थे।



मेट्रो एंकर

### गंगा-जमुनी तहजीब व सांझी विरासत दर्शाने की भी योजना....

## मस्जिद बनने में इसलिए हो रही देरी...

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या के अपने मंदिर में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के बाद अब लोगों का ध्यान मस्जिद की तरफ मुडा है। हालांकि इसके बनने में अभी देरी है लेकिन प्रस्तावित मस्जिद को अवध की गंगा जमुनी तहजीब के हिसाब से दोबारा डिजाइन किया जा रहा है,यहां पांच सौ बिस्तरों का सुपरस्पेशियालिटी अस्पताल भी होगा। इस मामले के दूसरे पक्ष को मस्जिदके लिये मंदिर से 25 किलोमीटर दूर धन्नीपुर गांव में जगह मिली है। हालांकि वर्ष 2020 में इसका शिलान्यास भी हो गया था। मगर इसमें देरी होती गई। मस्जिद बनाने के लिए बने ट्रस्ट इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के प्रक्वता अतहर हुसैन कहते हैं कि मस्जिद का नक्शा अयोध्या विकास प्राधिकरण ने पास कर दिया था। इसके बाद फाउंडेशन ने एक मस्जिद डेवलपमेंट कमेटी बनाई। जिसका प्रमुख मुंबई के अरफात शेख को बनाया गया, जब अराफात शेख मस्जिद निर्माण के लिए फंड रेजिंग पर काम करने लगे तो कई जगह से मस्जिद के स्ट्रक्चर के रिडिजाईनिंग का सुझाव आया क्योंकि लोगों ने मौजूदा स्ट्रक्चर को बदलने का सुझाव दिया और उसका तर्क यह रहा कि मौजूदा स्ट्रक्टर प्रतीकात्मक रूप से मस्जिद नहीं लग रही, इसमें मीनारें और गुंबद नहीं हैं। लिहाजा दोबारा डिजाइन रिस्ट्रक्चर हो रही है और अगले दो महीने में मस्जिद का नया स्ट्रक्चर बनेगा। फिर इसे विकास प्राधिकरण में पास अनुमति के लिये भेजा जाएगा।



### मस्जिद के साथ बनेगा अस्पताल

इस मस्जिद के साथ ही एक 500 बेड का स्पेशलाइज्ड हॉस्पिटल भी बनाया जाएगा, जिसमे पहले चरण में 200 बेड का हॉस्पिटल बनेगा। यहां निशुल्क भोजन की व्यवस्था भी कराई जाएगी, शुरुआती तौर पर 2000 लोगों को रोजाना निशुल्क भोजन मिलेगा। अतहर हुसैन कहते हैं चूंकि मस्जिद अवध की सरजमीन पर आ रही है जो कि गंगा जमुनी तहजीब और भाईचारे की मिसाल है उसको देखते हुए यहां प्रतीकात्मक रूप से एक छोटी सी आर्काइव/म्यूजियम बनेगी। जिसमें 1857 की सांझी विरासत जिसमें हिंदू मुसलमान के साझा संघर्ष को दिखाया जाएगा। हुसैन कहते हैं- अयोध्या जहां मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम विराजमान हो चुके हैं उस सरजमी से हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल कायम होनी चाहिए।

# 26 जनवरी की रिहर्सल









भोपाल। लाल परेड ग्राउंड पर 26 जनवरी के लिए फाइनल रहर्सल आज सुबह की गई।

फोटो : निर्मल व्यास

खांसी, जुखाम, अस्थमा की शिकायत बढ़ी, जेपी और हमीदिया के बच्चा वार्ड लगभग फुल

# बदलते मौसम से बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**लगातार बदलते मौसम बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहा है। सर्दी की दस्तक से मौसम में मौजूद वायरस बीमारियों का कारण बन रहा है। ऐसे में राजधानी के जेपी और हमीदिया अस्पतालों की ओपीडी में बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। बच्चों में इन खांसी, जुखाम, अस्थमा रोग (श्वांस रोग) और ह्रदय की बामारी की शिकायत बढ़ी है।**

इन दिनों अस्पताल में जिन बच्चों को उनके अभिभावक इलाज के लिए लेकर आ रहे हैं, उनमें से ज्यादातर बच्चे मौसमी बीमारियों से ही पीड़ित हैं। किसी को खांसी, किसी को जुखाम तो किसी को श्वांस की परेशानी हो रही है। मौसमी बीमारी से पीड़ित 8 से 12 साल तक के बच्चे हैं, वहीं हमीदिया के शिशु विभाग में भी बच्चों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। ओपीडी में परामर्श के बाद बच्चे की स्थिति ज्यादा खराब रहने पर अस्पताल के शिशु विभाग में भर्ती तक कराना पड़ रहा है। आलम यह है कि जेपी और हमीदिया के बच्चा वार्ड फुल हो चुके हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसम में विशेष ध्यान और सावधानी रखने की जरूरत है। इस बढ़ती ठंड में ठंडा पानी पीने के बजाय उबालकर पीयें, बाहरी खाना न खाएं, घर के आसपास साफ-सफाई रखने के साथ-साथ गर्म कपड़े पहनें और शरीर को ढंककर रखें।

**विशेषज्ञों का कहना : इस मौसम में विशेष ध्यान और सावधानी रखने की जरूरत**



# मप्र से गुजरने वाली ट्रेनों में पकड़ा 12 किलो सोना और 253 किलो चांदी

- **गंजा समेत नशीले पदार्थों की खेप भी मिली**
- **1 साल में ट्रेनों के जरिए संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम देने वाले डेढ़ सौ को पकड़ा**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश से गुजरने वाली ट्रेनों को बदमाश अपराध करने का जरिया बना रहे है। इसी का नतीजा है कि इन ट्रेनों से करीब डेढ़ सौ बदमाशों को अलग-अलग गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर पड़ा है। इनमें बड़ी मात्रा में गांजा, चरस समेत मादक पदार्थ का परिवहन करने वाले बदमाश शामिल है। जबकि 12 किलो सोना और 253 किलोग्राम चांदी का परिवहन करने वाले संदिग्ध लोग भी पकड़े हैं। यह सभी करवाई मध्य प्रदेश की सीमा से गुजरने वाली ट्रेनों में पिछले एक वर्ष के दौरान की है।

पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर जोन कार्यालय के मुताबिक अवैध तरीके से सोना (गोल्ड) का परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुये 09 मामलों में 12.065 किग्रा सोना कीमत रुपये 10,81,39,290/- की जब्ती कर 13 व्यक्तियों को पकड़ा गया। इसी तरह चांदी (सिल्वर) का परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुये 11 मामलों में 253.404 किग्रा चांदी पकड़ी, जिसकी कीमत 1,37,84,500/- थी। इसमें 10 व्यक्तियों को पकड़ा गया।

## 7 करोड़ नकद भी मिले

अवैध तरीके से भारतीय कैश का परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुये 08 मामलों में रुपये 7,70,69,450/- की जब्ती कर 08 व्यक्तियों को पकड़ा गया। नशीले पदार्थों (गांजा/स्मैक/हीरोईन) की स्मगलिंग करने वाले कुल 44 व्यक्तियों को पकड़कर कुल 75,07,508/- की सामग्री जप्त की गई। रेल अधिनियम के तहत कुल 40454 व्यक्तियों पर प्रकरण दर्ज किये गये एवं उन्हे न्यायालय में पेश किया गया, अनाधिकृत रूप से अलार्म चैन पुलिंग करने वाले कुल 5930 व्यक्तियों को पकड़कर रेलवे न्यायालय में पेश किया गया,जहां उनसे कुल रुपये 33,71,915- जुर्माना वसूल किया गया। अवैध रूप से ई रेल टिकिटों का व्यापार करने वालों पर 200 प्रकरण दर्ज कर 219 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुये कुल 15,723 रेल ई टिकिटों कीमत रुपये 2,26,58,117/- के ई टिकिटों को जब्त किया गया।



## अब ट्रेनों में मेरी सहेली

बताया जाता है कि प्रमुख रेलवे स्टेशनों एवं यात्री गाड़ियों में मिशन ''मेरी सहेली'' के अंतर्गत महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए महिला टीमों की तैनाती की जा रही है, जिसके तहत 98980 अकेली यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को अटैंड कर फीडबैक प्राप्त किया गया। '' नन्हें फरिश्ते '' अभियान के तहत घर से भागे हुये, अपहृत हुये, बिछड़े हुये 496 बालक एवं बालिकाओं को सुरक्षित उनके परिजनों/चाईल्ड लाईन को सुपुर्द किया गया। रेल सुरक्षा बल द्वारा वर्ष के दौरान 20 यात्रियों/व्यक्तियों का ''मिशन जीवन रक्षा'' के तहत बचाते हुये उनके जीवन को सुरक्षित किया गया। 'रेलवे स्टेशन, यात्री गाड़ियों में अवैध रूप से आर्म्स (हथियार) रख कर यात्रा करने वाले 14 व्यक्तियों को पकड़कर संबंधित जीआरपी/पुलिस को सुपुर्द किया गया। अवैध रूप से प्रतिबंधित सामान (शराब) का परिवहन करने वाले 79 व्यक्तियों को पकड़ा गया।

# ईश्वर शंकर भारती के नेत्रों का दान



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

ईदगाह हिल्स, भोपाल निवासी 73 वर्षीय ईश्वर शंकर भारती का देहावसान सोमवार को हो गया था। दिवंगत प्राणी की पुत्री रिचा भारती ने अपने पिता की आंखें सेवासदन नेत्र चिकित्सालय को दान कीं, जो दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2067 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। कार्यपालन ट्रस्टी हीरो ज्ञानचंदानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# यूसीसी टीम ने जीती विधायक ट्राफी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में विधायक ट्राफी टूर्नामेन्ट यू.सी.सी. वरसेस श्रीराम टीप के बीच में खेला गया, जिसमें यू.सी.सी. टीम ने पहले खेलते हुये 202 रन का टारगेअ श्रीराम टीम को दिया । इसके विपरीत श्रीराम टीम से खेलते हुये 148 रनों पर ही पूरी टीम सिमट गई और यू.सी.सी. टीम ने जीत दर्ज कराई।

विजेता टीम यू.सी.सी. के खिलाड़ी अमन राजपूत ने 80 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम के लिये दो विकेट भी झटके । टीम के कप्तान रोहन केवट के साथ पूरी टीम को विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राम बंसल उपस्थित थे ।



# विद्यार्थियों के प्रवेश, सत्रारंभ, परीक्षा व परिणाम समय पर देने के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**मंत्री ने ऑनलाइन प्रवेश के संबंध में ली बैठक**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने मंगलवार को भोपाल स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में सत्र 2024-25 की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। परमार निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के प्रवेश निर्धारित समयावधि में हों, सत्र समय से प्रारंभ हों एवं परीक्षा समय से होकर परिणाम निर्धारित समय पर जारी किए जाना सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ता से क्रियान्वयन किया जाए।

## कार्ययोजना बनाने के निर्देश

मंत्री परमार ने विद्यार्थियों की नियत समयावधि में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण किए जाने, विषयवार सीटों की संख्या निर्धारण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर नियत अवधि में विद्यार्थियों के सत्र सुनिश्चित करने के लिये कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा के सी गुप्ता, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी धीरेन्द्र शुक्ला सहित सहभागी सात क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक एवं 55 अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** | जयंती पर संतनगर के स्कूलों में हुए कार्यक्रम

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को याद किया बच्चों ने

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर संतनगर के स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्था पदाधिकारियों, बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। नेताजी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया गया।

साधु वासवानी स्कूल में सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सुभाषचंद्र बोस व शहीद हेमू कालानी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए। तभी उनका जन्म दिवस मनाना सार्थक होगा। मुख्य अतिथि के रुप में देशभक्त कर्नल नारायण पारवानी ने कहा कि गुड मार्निंग की जगह जय हिन्द बोलना चाहिए एवं बच्चों को गुरु गोविंद सिंह, छत्रप्रति शिवाजी एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस की किताबें अवश्य पढ़नी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद बसंत चेलानी ने की। विद्यालय की छात्राओं ने भी अपने विचार रखे।



## पराक्रम दिवस मनाया

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। नेताजी के व्यक्तित्व एवं देश के लिए किए गए अविस्मरणीय कार्यों व बलिदान को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। विशिष्ट अतिथि कर्नल नारायण पारवानी, शहीद हेमू कलानी एजुकेशनल सोसाइटी के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव ए.सी. साधवानी, कमल प्रेमचंदानी अध्यक्ष भारत विकास परिषद, मधु जी धनकर प्रभारी वनवासी कल्याण परिषद, विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी, शिक्षक-शिक्षिकाएँ व समस्त छात्राओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को याद कर नमन किया।

## नेताजी को नमन किया

संस्कार विद्यालय में प्रातः प्रार्थना सभा में सुभाष चन्द्र बोस को नमन किया गया, बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से सुभाष चन्द्र बोस के स्वतंत्रता के लिए संघर्षमय जीवन गाथा को दिखाया गया। इस अवसर संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव ने सुभाष चन्द्र बोस नेताजी के व्यक्तित्व और आजादी में उनके योगदान को रखा। इस अवसर पर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्रचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थिगण उपस्थित हुए।

# सच्चे मन से रामधुनी लगाने से सफल होते हैं सब काम



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में मंगलवार को एक दिवसीय अखण्ड रामधुनी का समापन हुआ। श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को रामधुनी शुरू हुई थी।

रामधुनी के समापन अवसर पर शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के साथ हिन्दुस्तान के हिन्दू राज्य बनने की शुरूआत हो गई है। जिस घर में नियमित रामधुनी लगती है, उस घर में कभी कोई कमी नहीं होती। रामधुनी में नारायणदास लालवानी कहा कि जब तक यह संसार रहेगा तब तक राम का नाम रहेगा और यह रामधुनी लगती रहेगी।

रामधुन समिति के महासचिव अनिल चोटरानी ने कहा कि हर महीने में एक बार 2 घण्टे के लिएविद्यालय में रामधुन लगायी जाए तो सभी को आनंद की अनुभूति के साथ पुण्य प्राप्त होगा। समापन अवसर पर कमल प्रेमचंदानी, जानकीलाल भारानी, मुरली भगतानी, पंकज गुरमलानी, विजय वीधानी आदि गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं ने श्रद्धा के साथ रामधुनी लगायी।

माशिमं की बोर्ड परीक्षाएं

मंडल ने दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए

# दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए वहीं परीक्षा केंद्र जहां रैंप की सुविधा, मिलेंगे अतिरिक्त 20 मिनट



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की फरवरी के पहले सप्ताह से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस बार माशिमं ने दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए वहीं परीक्षा केंद्र बनाए हैं, जहां रैंप की सुविधा हो। इन परीक्षार्थियों को लेखक लेने या खुद लिखने पर 20 मिनट प्रति घंटे के हिसाब से अतिरिक्त समय मिलेगा। लेखक की शैक्षणिक योग्यता विद्यार्थियों से कम होनी चाहिए। साथ ही जिस स्कूल का परीक्षार्थी हो, उस संस्था का लेखक नहीं होना चाहिए। लेखक चुनने का अधिकार केंद्राध्यक्ष का है। साथ ही दिव्यांग (दृष्टिहीन, मानसिक विकलांग एवं हाथ की हड्डी टूट जाने) या हाथ की खराबी के कारण लिखने में असमर्थ विद्यार्थियों को लेखक चयन, विषय चयन, परीक्षा शुल्क में छूट व कंप्यूटर या टाइपराइटर चयन की सुविधाएं दी जाएंगी, लेकिन कंप्यूटर या टाइप राइटर में डाटा मौजूद नहीं होना चाहिए।

### पर्यवेक्षक अलग से होंगे

सभी दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर उनका मूल्यांकन करते हुए अंक प्रदान किए जाएंगे। उनके लिए बहुविकल्पीय प्रश्न बाह्य मूल्यांकनकर्ता द्वारा तैयार किए जाएंगे। इन सभी की जानकारी 31 जनवरी तक मंडल को भेजनी है। इनके लिए पर्यवेक्षक अलग से होंगे। सामान्य रूप से एक बार चयनित लेखक को परिवर्तित नहीं किया जा सकेगा। विशेष परिस्थितियों में ही केंद्राध्यक्ष यदि आवश्यक समझें तो लेखक बदलने की अनुमति देकर इसकी सूचना मंडल मुख्यालय को भेजेंगे।

केंद्र व राज्य ने मिलकर अब तक प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर किया भारी खर्च

# एक हजार करोड़ रूपए निगलने के बाद भी लोगों को परेशान कर रहा प्रदूषण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केंद्र व राज्य ने अब तक मप्र से जल, वायु व ध्वनि प्रदूषण को खत्म करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किए लेकिन नतीजा सिफर रहा। वायु प्रदूषण हर रोज नए रिकार्ड बना रहा है। खासकर ग्वालियर, सिंगरौली, उज्जैन और जबलपुर में आए दिन एयर क्वालिटी इंडेक्स 350 के पार पहुंच रहा है। नर्मदा की स्थिति कागजों में ठीक हुई लेकिन घाटों पर पानी मटमैला है। क्षिप्रा और कान्ह नदी को उद्योगों और निकायों के प्रदूषित पानी ने बर्बाद कर दिया है। वाहनों का शोरगुल हर कागजों में दफ्न है, लेकिन कानों को में गूंज रहा है तो पर्यावरण को होने वाला नुकसान कम होने की बजाए बढ़ रहा है।मप्र के पर्यावरण, वन्यजीव और इंसानों को लेकर कोई रियायत नहीं है लेकिन कागजों में सबकुछ ठीक है। यह हाल तब है जब मप्र पर हजारों करोड़ रुपये बहाए जा चुके हैं।



### वायु प्रदूषण इसलिए कम नहीं

प्रदेश में वायु प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह धूल और धुआं है जो कि कई रिपोटो में साबित होता रहा है। धूल की वजह खराब सड़कें, कच्चे सड़कें, निर्माणाधीन कामों को कवर्ड नहीं करना है तो धुआं वाहनों और उद्योगों से निकल रहा है। हालांकि अधिकारी यह भी दावा करते रहें है कि कचरा जलाने के कारण भी धुआं निकल रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक धूल और धुआं के लिए सरकार की नीतियां और गुणवत्ताहीन काम जिम्मेदार है जबकि सरकारी दावा नियंत्रण की बात कर रहे हैं।

### नदियों में छोड़ रहे गंदा पानी

नदियों के प्रदूषित होने की वजह इनमें छोड़ा जाने वाला गंदा पानी है, जो कि बड़ी मात्रा में नगरीय निकायों व उद्योगों से छोड़ा जा रहा है। हालांकि अधिकारियों का दावा है कि इस पानी को एसटीपी व ईटीपी के जरिये उपचारित किया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि दावा सही होता तो नदियां प्रदूषित नहीं होती।

### ये शहर, जहां हमेशा प्रदूषित रहती है हवा

प्रदेश के ग्वालियर सबसे अधिक वायु प्रदूषण वाला शहर बना हुआ है। इस सीजन में यहां एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 तक पहुंच चुका है। इसकी पुष्टि इसी सीजन में कई बार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट से हो चुका है। बोर्ड द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक ग्वालियर में एयर क्वालिटी इंडेक्स 314 से लेकर 356 तक पहुंच गया है। यह स्थिति फूल बाग, डीडी नगर और ग्वालियर सिटी सेंटर की है। सिंगरौली में यह 311 और जबलपुर में 309 पर रहा। विशेषज्ञों के मुताबिक किसी भी शहर या स्थान का इंडेक्स 50 से जितना उपर जाएगा, वहां का वायु प्रदूषण उतना ही बढ़ा हुआ होगा। इस इंडेक्स के 300 से ऊपर जाने की स्थिति में संबंधित क्षेत्र की हवा श्वास रोगियों के अलावा सामान्य नागरिकों को भी नुकसान पहुंचा सकती है।

# गैर वित्तीय भार वाली मांगों पर भी सरकार की चुप्पी से कर्मचारी मायूस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नई सरकार से हर वर्ग को उम्मीदें हैं। इनमें कर्मचारी भी शामिल है। ये भी सरकार से मांगें मनवाने के लिए जुटे हुए हैं लेकिन सरकार है कि इनकी एक भी मांगों पर विचार तक नहीं कर रही है। यहां तक कि गैर वित्तीय भार वाली मांगों पर भी सरकार की चुप्पी है। इस बात से कर्मचारी वर्ग मायूस है। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार अभी हजारों कर्मचारियों को पदोन्नत वेतनमान दे रही है लेकिन उन्हें वह पदनाम नहीं दिया है, जिसमें कोई खर्च नहीं आना है। हजारो संविदाकर्मियों से नियमित खाली पदों के विरुद्ध सेवाएं ली जा रही है। ऐसे संविदाकर्मियों को खाली नियमित पद के समतुल्य वेतनमान व अन्य लाभ दिए जा रहे हैं। ऐसे कर्मचारियों को पात्रता के आधार पर नियमित किया जाता हैं तो शासन की छवि बनती लेकिन सरकार ऐसा भी नहीं कर रही है। हजारों चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का पदनाम भृत्य है। ये कार्यालय सहायक नामक पदनाम मांग रहे हैं लेकिन सरकार इस पर भी तैयार नहीं है। हजारों दैवेभो व स्थाई कर्मियों की मौत होने के बाद खाली स्थानों पर जरुरत के हिसाब से नए कर्मचारियों से सेवाएं ली जा रही है लेकिन मृतक कर्मचारियों के परिजनों में से किसी को नहीं रखा जा रहा है। जबकि सरकार को जरूरत है। कर्मचारियों का कहना है कि हजारों पटवारी सहायक राजस्व अधिकारी के पदनाम की मांग कर रहे हैं, इसमें भी वित्तीय भार नहीं आना है लेकिन यह भी नहीं किया जा रहा है। कई ऐसी मांगें है जिन पर खर्च नहीं आना है लेकिन सरकार नहीं मान रही है। कर्मचारी नेता महेंद्र शर्मा, अनिल बाजपेयी का कहना है कि आम कर्मचारियों के जीवन और परिवार में पदनाम एक बड़ी बात होती है। यदि सरकार पदनाम बदले जाने जैसी गैर आर्थिक मांगों को मानती तो अच्छा होगा।

# आठ लेखक अभिनव शब्द शिल्पी राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी की कला और साहित्य संस्था अभिनव कला परिषद ने वार्षिक कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार विजय बहादुर सिंह, प्रख्यात नाटक निर्देशक और सिने अभिनेता राजीव वर्मा, महेश श्रीवास्तव ,आयोजक सुरेश तातेड़ और रघुनंदन शर्मा तुलसी मानस प्रतिष्ठान ने लेखकों को सम्मानित किया।



मानस भवन के सभागृह में देश के सुप्रसिद्ध भजनानंदी गायक प्रकाश पारनेरकर, संगीता पारे, नीना श्रीवास्तव, समीक्षा जोशी तथा अनिल पौराणिक एवं साथी ÷राम चरित गुणगान की सांगीतिक प्रस्तुति दी । समारोह में देश के साहित्य के अप्रतिम हस्ताक्षर विनय भदौरिया - रायबरेली, आदर्शिनी श्रीवास्तव - पुणे, योगेश त्रिपाठी - रीवा, पं. सुभाष जैन - उज्जैन, जनाब इकबाल मसूद, अशोक मनवानी, भोपाल ती सीमा हरि शर्मा तथा नीलेश रघुवंशी,भोपाल को उनके साहित्यिक अवदान के लिये अभिनव शब्द शिल्पी की मानद उपाधि से अलंकृत कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महेश श्रीवास्तव ने कहा नाटक कहानी, काव्य और अन्य विधाओं में लिख रहे हैं । ये शब्द शिल्पी प्रशंसा के पात्र हैं। इनके सृजनात्मक योगदान को आज अभिनव कला परिषद सम्मानित कर रही है।

# वन मेला आज शाम से, 120 स्टॉल पर मिलेंगी औषधी

## अरेरा हिल्स स्थित भोपाल हाट में लगेगा मेला, 28 तक चलेगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हर वर्ष लाल परेड ग्राउंड में होने वाला वन मेला बुधवार से भोपाल हाट में शुरू हो रहा है। इसमें 120 स्टॉल लगेंगे, जिनमें मप्र में पाई जाने वाली हर जड़ी-बूटी और वन उत्पाद मिलेंगे। मेल के स्वरूप को पहली बार छोटा रखा है, मप्र में हुए विधानसभा चुनाव के बाद अल्प अवधि में मेला शुरू करने और लाल परेड ग्राउंड की अनुपलब्धता के चलते किया गया।



वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शाम 5 बजे राज्यपाल मंगू भाई पटेल, वनमंत्री नागर सिंह चौहान व वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार की मौजदूगी में मेले की शुरूआत होगी। 120 स्टॉल में से 19 वनधन केंद्र के व 55 जिला यूनियनों के होंगे। 20 स्टॉल अलग से होंगे, जिसमें 40 आयुर्वेदिक चिकित्सक 28 से 28 जनवरी तक दोपहर को छोडकर सुबह व शाम की पाली में निःशुल्क परामर्श देंगे। 27 जनवरी को क्रेता-विक्रेता सम्मेलन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ ईको टूरिज्म, बायोडायवर्सिटी से जुड़ी प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

### मोटे अनाज की होगी ब्रांडिंग

अधिकारियों के मुताबिक मेले में मिलेट्स अर्थात मोटे अनाज को भी ब्रांडिंग के तौर पर शामिल किया गया। मोटे अनाज में कोटो, कुटकी, ज्वार, बाजरा आदि शामिल है, जो बिक्री के लिए भी उपलब्ध है।

### समय कम मिला, तब भी लगा रहे मेला

एसीएस जेएन कंसोटिया ने मेले के एक दिन पूर्व मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2018 में तो चुनाव के कारण मेला ही स्थगित करना पड़ा था लेकिन इस बार कम से कम समय में तैयारी की और मेला शुरू हो रहा है। चूंकि अंतरराष्टीय स्तर के किसी भी आयोजन के लिए स्थान पहले से तय करना पड़ता है, उस अनुरूप आगे की कार्रवाई होती है। तैयारियों के लिए भी समय मिलना चाहिए, लेकिन इस वर्ष इस तरह की स्थितियां नहीं थी, इसलिए राज्य स्तरीय आयोजन कर रहे हैं।

# स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग को एकीकृत करने पर आभार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग को एकीकृत करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग को एकीकृत करने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. हितेष वाजपेयी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को सहजता से इलाज हो सके, इस हेतु चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा सेवा के सारे मानव संसाधन को एकीकृत कर स्वस्थ भारत की कल्पना को साकार करना ही प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। सरकार का यह निर्णय इस ओर एक दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। चिकित्सा शिक्षा एवं चिकित्सा सेवा दोनों विभागों का लक्ष्य पीड़ित मानवता की सेवा है। एक लक्ष्य के लिए दोनों विभागों को एक करने का निर्णय लक्ष्य के प्रति सरकार के समर्पण को दिखाता है।

मेट्रो एंकर

स्कूल शिक्षा मंत्री ने दिये सुधार के निर्देश

# शिक्षकों के लिए बनेगी आवास योजना, युवाओं को बीएड के लिए मिलेगा प्रोत्साहन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



लोक शिक्षण संचालनालय में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने निर्देश दिए कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की आवास व्यवस्था की योजना तैयार की जाए। जनजातीय क्षेत्रों में स्नातक युवाओं को बी.एड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। जनजातीय युवाओं की बी.एड फीस की प्रतिपूर्ति की योजना भी तैयार की जाए। मंत्री सिंह ने प्रदेश के सरकारी हायर सेकंडरी स्कूलों में वार्षिक उत्सव को गरिमा और भव्यता के साथ आयोजित किये जाने के लिए कहा। इस दौरान एनजीओ ने स्कूल शिक्षा मंत्री के सामने प्रजेंटेशन दिये। सिंह ने कहा है कि स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार की आवश्यकता है। इसके लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई के समानांतर व्यवसायिक शिक्षा दिलाए जाने पर भी जोर दिया।

### स्पोर्ट्स टीचर भर्ती के निर्देश

बैठक में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया की भी चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में 32 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। इनमें उच्च माध्यमिक, माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षक शामिल हैं। बैठक में ऑनलाइन स्थानांतरण नीति पर भी चर्चा की गई। स्कूल शिक्षा मंत्री ने रिक्त पड़े स्पोर्ट्स टीचर की शीघ्र भर्ती के निर्देश दिये। बैठक में उच्च पद प्रभार प्राचार्य संवर्ग और उच्च पद प्रभार शिक्षक संवर्ग की भी जानकारी दी गई।

### पीपीपी मॉडल पर योजना बनेगी

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2022-23 में 2 हजार 516 लैब बनाई जा चुकी है। इस वर्ष 40 जिलों में एक हजार 79 लैब के लिये सभी प्रकार की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। इस लैब में 10 कम्प्यूटर, प्रिंटर और यूपीएस उपलब्ध रहते हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री ने बच्चों में कंप्यूटर के बारे में प्रशिक्षण देने के लिये पीपीपी मॉडल पर योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो
अपने कारोबार-उत्पाद को आगे बढ़ाएं दोपहर मेट्रो के साथ



विज्ञापनों के लिए संपर्क करें
प्रधान कार्यालय 182 - ए शाहपुरा (मनीषा मार्केट के पास) भोपाल
फोन नं.- 0755-4917524, 0755-2972022

## सुविचार

प्रेम और करुणा जितना ही हमारे अंदर होगा, हमारा जीवन उतना ही सुंदर होगा।

- अज्ञात

## संपादकीय

# दवा का असर व जरूरत

*केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों और संगठनों के चिकित्सकों से कहा है कि वे किसी मरीज को एंटीबायोटिक दवाएं लेने का परामर्श देते समय अनिवार्य रूप से बीमारी के लक्षण और कारण बताएं। इसके साथ ही मरीजों को यह भी बताना अब अनिवार्य होगा कि यह दवा उन्हें क्यों दी जा रही है, कितने दिनों तक खाना चाहिए और इसके क्या परिणाम होंगे। यह निर्देश काफी महत्वपूर्ण हैं, बशर्ते इसका पालन डाक्टर्स करें। दरअसल दवा का इस्तेमाल किसी बीमारी से मुक्ति पाने के लिए किया जाता है, लेकिन अगर जाने-अनजाने और गैरजरूरी तरीके से कुछ दवाओं का सेवन किया जाए, तो उससे फायदे के बजाय नुकसान पहुंच सकता है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति के संदर्भ में यह बात लंबे समय से कही जाती रही है कि जो दवा किसी तकलीफ को ठीक या कम कर सकती है, उसी का दुष्परिणाम किसी व्यक्ति की मुश्किलें बढ़ा सकता है। खासकर जीवाणुनाशक या एंटीबायोटिक दवाओं के मनमाने इस्तेमाल के घातक नतीजे देखे गए हैं। यह छिपी बात नहीं है कि किसी मरीज के इलाज के दौरान दवा लेने की सलाह देते हुए आमतौर पर चिकित्सक बिना किसी संकोच के एंटीबायोटिक दवाएं लेने को कह देते हैं। इसके अलावा, आम लोग भी तबीयत खराब होने पर कई बार बिना चिकित्सक की सलाह के, स्थानीय दवा दुकान से खरीद कर धड़ल्ले से एंटीबायोटिक दवा खा लेते हैं। इसलिए कि वे इसके दुष्प्रभावों से अनजान होते हैं। एंटीबायोटिक देने को लेकर डाक्टरों से लेकर दवा दुकानों तक के लिए एक सख्त नियम वक्त का तकाजा है। यही वजह है कि सरकार ने सभी दवा विक्रेताओं से एंटीबायोटिक दवाओं की बिना पर्ची के होने वाली बिक्री बंद करने और उन्हें केवल योग्य डाक्टर के परामर्श पर ही बेचने की अपील की है। सरकार ने जो चिंता जताई है, वह वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित है और इन दवाओं के सेवन को लेकर लंबे समय से संतुलन और विवेक का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती रही है। मगर न तो चिकित्सकों की ओर से एंटीबायोटिक की सलाह देते हुए सावधानी बरती जाती है और न ही आम लोगों के बीच इस मसले पर जागरूकता दिखती है।*

*ऐसे मामले आए दिन चिंता का कारण बनते हैं जिनमें किसी बीमारी की स्थिति में मरीज को अगर कोई दवा दी जाती है तो उस पर उसका कोई खास असर नहीं देखा जाता। इसकी जड़ में भी एंटीबायोटिक दवाओं का गलत इस्तेमाल ही है। जरूरत से ज्यादा ऐसी दवा के सेवन की वजह से इनके दुष्परिणामों के बारे में आगाह भी नहीं किया जाता है। नतीजतन, मरीज पर दूसरी दवाओं का प्रभाव भी बेअसर होने लगता है और रोग-प्रतिरोधक क्षमता में कमी आने लगती है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसी स्थिति में अगर व्यक्ति किसी गंभीर रोग की चपेट में आए तो उसे किस तरह के जोखिम और मौत के खतरे तक का सामना कर पड़ सकता है। माना जाता है कि रोग होने पर एलोपैथी दवाओं का सेवन करते हुए उसके दुष्परिणामों को लेकर सचेत रहने की जरूरत होती है, क्योंकि अगर किसी दवा से एक बीमारी में राहत मिलती है तो उसी से कोई अन्य दिक्कत पैदा होने की आशंका हो सकती है। हालांकि आजकल लोग पारंपरिक चिकित्सा को भी तरजीह देते नजर आते हैं होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक दवाओं का प्रचलन भी बढा है। लेकिन ऐलोपैथी के मामले में सावधानी के निर्देश जरूरी थे।*

# चुनावी साल में अंतरिम बजट से उम्मीदें

***इन दिनों पूरे देश की निगाहें वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एक फरवरी को पेश किए जाने वाले वर्ष 2024 के अंतरिम बजट की ओर लगी हुई है। वस्तुतः देश में जिस साल लोकसभा चुनाव होते हैं, उस वर्ष दो बजट आते हैं। एक अंतरिम बजट और दूसरा पूर्ण बजट होता है। सामान्यतः अंतरिम बजट में नई सरकार बनने तक की व्यय जरूरतों को पूरा करने का उद्देश्य होता है। लेकिन अधिकांश अंतरिम बजटों में लोकलुभावन योजनाओं और बड़ी-बड़ी राहतों का ढेर लगाया जाता रहा है। इस बार वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जरूरी राहतों और आर्थिक कल्याण की योजनाओं से संतुलित अंतरिम बजट पेश करते हुए दिखाई दे सकती हैं।***

**जयंतीलाल भंडारी**

निःसंदेह इस समय वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को अंतिम रूप देते समय दो अहम मसले वित्तमंत्री के समक्ष हैं। एक का संबंध उस राजकोषीय गुंजाइश और आकार से है जो फिलहाल केंद्र सरकार के पास अनुकूल स्थिति में है और दूसरा मुद्दा आगामी आम चुनावों में आवश्यक चुनावी लाभ हासिल करने के लिए कुछ नई व्यय योजना की घोषणा का है। साथ ही आर्थिक कल्याण को लेकर सरकार की राजनीतिक अनिवार्यता से संबंधित है। वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के परिणामों के कोई एक माह बाद आने की संभावना रहेगी। कहा है कि वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में जिस तरह लोकलुभावन बड़ी घोषणाएं की गई थीं और कर उपायों की अनदेखी की गई, वह वैसा नहीं करने जा रही हैं।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि नए अंतरिम बजट के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है। हाल ही में एसबीआई की रिसर्च विंग द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2014 से 2022 के पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांगे लगाकर वृद्धि हुई है। 2023-24 के 31 दिसंबर तक आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8.18 करोड़ के स्तर को पार कर चुका हैं। वित्त वर्ष 2014-22 के दौरान व्यक्तिगत आय असमानता 0.472 प्रतिशत से घटकर 0.402 प्रतिशत हो गई है। इस दौरान 3.5 लाख रुपये के कम आय वाले समूह से 36.3 फीसदी लोग उच्च आय वाले समूह में शामिल हो गए हैं। देश में कर सुधारों से आयकरदाताओं और आयकर संग्रहण के साथ-साथ जीएसटी में लक्ष्य से भी अधिक वृद्धि की बड़ी अनुकूलताएं हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के पहले 2019 के अंतरिम बजट में किसान सम्मान निधि व आयकर राहत देने के लिए जरूरी प्रावधान किए गए थे। चूंकि पिछले माह दिसंबर में राज्यों के उत्साहजनक चुनावी नतीजों में कल्याणकारी योजनाओं की भूमिका अहम मानी गई हैं, इसे ध्यान में रखते हुए वित्तमंत्री आमजन के हितार्थ कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक कल्याण की योजनाओं के साथ-साथ छोटे आयकरदाताओं और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कुछ जरूरी प्रावधान कर सकती हैं।

नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं व मध्यम वर्ग को कुछ राहत दी जा सकती है। बजट में किफायती आवासों के लोन पर ब्याज पर सब्सिडी बढ़ सकती है। नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए आयकर छूट की सीमा बढ़ सकती है। किसानों और महिलाओं के लिए अंतरिम बजट में बड़े ऐलान हो सकते हैं। किसान सम्मान निधि बढ़ाई जा सकती है। नए बजट में राजकोषीय घाटा और विनिवेश लक्ष्य कम हो सकता है। विनिवेश लक्ष्य 50 हजार करोड़ रुपये से नीचे रखा जा सकता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी जा सकती है। जहाँ विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार नए अंतरिम बजट से पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे कपड़ा और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों तक विस्तृत कर सकती है, वहीं रियल एस्टेट सेक्टर को भी प्रोत्साहनमूलक राहत दे सकती है। नए अंतरिम बजट में देश में डिजिटल क्रांति को बढ़ाने से संबंधित मोबाइल सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न उत्पादों, बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अधिक पूंजीगत व्यय के प्रावधान भी दिखाई दे सकते हैं। नए बजट में वित्तमंत्री जनकल्याण की ऐसी घोषणाएं भी कर सकती है, जो अंतरिम बजट का हिस्सा नहीं होते हुए आगामी पूर्ण बजट की घोषणाओं की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए दिखाई दें।इन दिनों वेतनभोगी (सैलरीड) वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाता और मध्यम वर्ग के लोग यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में उन्हें टैक्स संबंधी कोई उपयुक्त राहत नहीं मिली है। साथ ही अब महंगाई वृद्धि और उनके बढ़ते जरूरी खर्चों के कारण उन्हें कुछ आयकर राहत की अपेक्षा है। ऐसे में नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं को नई कर व्यवस्था के तहत नई कर राहत मिल सकती है।



निःसंदेह वेतनभोगी वर्ग द्वारा नए अंतरिम बजट में राहत की अपेक्षा इसलिए भी न्यायसंगत है, क्योंकि वेतनभोगी वर्ग के द्वारा दिया गया कुल आयकर पेशेवरों और कारोबारी करदाताओं के वर्ग द्वारा चुकाए गए कुल आयकर से काफी अधिक होता है। वेतनभोगी वर्ग के करदाताओं के कर की कटौती आमदनी अर्जित करने के स्रोत पर अर्जित आय पर की जाती है। इसे टीडीएस के रूप में जाना जाता है। टीडीएस के कारण वेतनभोगी नियमानुसार अपने वेतन पर ईमानदारीपूर्वक आयकर चुकाते हैं और आमदनी को कम बताने की गुंजाइश नगण्य होती है। इस परिप्रेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि वर्ष 2022-23 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 2.24 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। यानी देश की कुल आबादी का 1.60 फीसदी लोग ही आयकरदाता हैं। साथ ही देश में शून्य आयकर देयता वाले आईटी रिटर्न की संख्या भी लगातार बढ़ते हुए वर्ष 2022-23 में 5.16 करोड़ हो गई। करीब 70 फीसदी आयकर रिटर्न शून्य आयकर देयता बता रहे हैं। इनमें अधिकांश रिटर्न वे हैं जो उद्योग-कारोबार और पेशेवर आयकरदाताओं से संबंधित हैं।

चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार वित्तीय अनुशासन की दृढ़ता दिखा रहे है। ऐसे में यदि केंद्र को अपने घाटे को चालू वर्ष में जीडीपी के 5.9 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाना है तो ढेर सारी लोकलुभावन योजनाओं के लिए राजकोषीय गुंजाइश सीमित है। वस्तुतः अगले दो वर्षों में 1.4 फीसदी की कमी चुनौतीपूर्ण होगी। ऐसे में वित्तमंत्री 2024-25 के लिए सीमित राजकोषीय घाटे वाला अंतरिम बजट पेश करते हुए दिखाई देंगी। इससे सत्ताधारी दल की बढ़ती राजनीतिक पूंजी आने वाले महीनों में मजबूत आर्थिक सुधार और तेज विकास का आधार बन सकती है। निःसंदेह इस अंतरिम बजट में विभिन्न रियायतों तथा लोकलुभावन योजनाओं का कम बोझ होने से वर्ष 2024 के आम बजट चुनाव के बाद पेश किया जाने वाला वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट बेहतर होगा। साथ ही इससे देश को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की डगर पर आगे बढ़ाने में प्रभावी मदद भी मिलेगी।

**(लेखक अर्थशास्त्री हैं)**

## आज का इतिहास

- **1554** – ब्राजील के साओ पाउलो शहर की स्थापना हुई।
- **1755**– मॉस्को विश्वविद्यालय की स्थापना हुई ।
- **1880** – प्रसिद्ध समाज सुधारक केशव चंद्र सेन ने भारतीय ब्रह्म समाज की शुरूआत की थी।
- **1881** – एलेक्जेंडर ग्राहम बेल और थॉमस अल्वा एडीसन ने ओरिएंटल टेलीफोन कंपनी बनायी।
- **1918** – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष विलियम वेडरबर्न का निधन हुआ था।
- **1924** – फ्रांस के शैमॉनिक्स में पहले शीतकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन।
- **1950** – भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई। वर्ष 2011 में इसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- **1955** – पनामा और अमेरिका ने नहर संधि पर हस्ताक्षर किये थे।
- **1958** – भारतीय सिनेमा की प्रसिद्ध पार्श्वगायिका कविता कृष्णमूर्ति का जन्म हुआ।
- **1971** – हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य घोषित किया गया।
- **1980** – प्रसिद्ध समाजसेवी मदर टेरेसा को भारत रत्न से सम्मानित किया गया।
- **1983** – आचार्य विनोबा भावे को मरणोपरांत सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया।
- **1988** – रामसेवक शंकर ने सूरीनाम के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
- **2001** – भारतीय जनता पार्टी' की प्रसिद्ध नेता विजयाराजे सिंधिया का निधन।
- **2004** – अंतरिक्ष यान ऑपर्च्युनिटी मंग्रल ग्रह पर सफलतापूर्वक उतरा।
- **2005** – महाराष्ट्र के सातारा स्थित एक देवी के मंदिर में भगदड़ मचने से 300 से अधिक लोगों की मौत हुई।
- **2019** – हिन्दी की आख्यायिका (फिक्शन) लेखिका कृष्णा सोबती का निधन।

# शहरों का समावेशी विकास हो ध्येय, आमजन की आजीविका और पर्यावरण का ध्यान जरूरी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से समावेशी विकास की ओर कदम बढ़ाया गया है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी सिर छिपाने की जगह मिल सके।**

**विवेक एस अग्रवाल**

पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ी हटाए जाने को लेकर कई विवाद और आंदोलन चल रहे हैं। क्या सही है और क्या गलत, यह अलग विषय है। लेकिन मूल विषय यह है कि जब भी शहरों के विकास की बात आती है, तो पहला कहर झुग्गी-झोपड़ियों या छोटे-छोटे व्यवसायियों पर ही गिरता है। संभवतः ये सुगम लक्ष्य होते हैं, जिन्हें बेदखल करना आसान होता है। उनकी कोई सशक्त आवाज भी नहीं होती और कुछ राजनीतिक उद्देश्यों से उनकी वकालत होती है, किंतु समय के साथ वह भी क्षीण पड़ जाती है।

आमतौर पर शहरीकरण का दृष्टिकोण हर व्यक्ति, हर समाज और हर वर्ग के लिए भिन्न होता है। इसमें समग्रता, सततता और संपूर्णता का नितांत अभाव पाया जाता है। वर्तमान में शहरों के विकास की चर्चा में मूलतः सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दी जाती है। सिकुड़ते या लुप्त होते फुटपाथ, उजड़ती हरियाली, बढ़ता धुआं, बेतरतीब बाजारों का विकास, अवैध बस्तियां, विनाशकारी गगनचुंबी इमारतें, अनियोजित नगरीय योजना, अतिक्रमण, जल-मल निकास की अपर्याप्त व्यवस्था, बंद होती नालियां, पर्यावरण के लिए नुकसानदेह परिवहन, अनियंत्रित वाहन बिक्री, बिगड़ती/अनियंत्रित कानून व्यवस्था, शायद यही शहरों की पहचान बन गए हैं।

नीति निर्धारकों एवं कार्यपालिका का संपूर्ण ध्येय या तो शहर को सुंदर बनाना या गाड़ियों के लिए सहज मार्ग विकसित करने तक रह गया है। इसके लिए इन दिनों एक नया चलन चला है- चौराहों को सिग्नल फ्री करने का। लेकिन पैदल यात्री या साइकिल या अन्य पर्यावरण सम्मत साधन कैसे चलेंगे, यह किसी के जेहन में नहीं है। जबकि 80 प्रतिशत से अधिक आबादी अब भी पैदल या सार्वजनिक परिवहन की मोहताज है। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से भी निजी वाहनों का उपयोग अनुकूल नहीं है। ऐसे में, सिग्नल फ्री चौराहों की परियोजनाओं पर असीमित व्यय न्यायसंगत नहीं लगते। राजस्थान में कोटा शहर को सिग्नल फ्री बनाने की कवायद तो की गई, लेकिन सार्वजनिक परिवहन को सशक्त बनाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से समावेशी विकास की ओर कदम बढ़ाया गया है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी सिर छिपाने की जगह मिल सके। इससे समावेशी समाज की संकल्पना को साकार करने में मदद मिलेगी। इसी प्रकार छोटे कारोबारियों, रेहड़ी वालों आदि के लिए भी व्यापक कार्यक्रम की आवश्यकता है, ताकि वे निरंतर विस्थापित होने से बचकर अपनी आजीविका कमा सकें। राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में 26 प्रतिशत के भागीदार सूक्ष्म एवं छोटे, अनौपचारिक कारोबारी हैं, जिन्हें अक्सर विस्थापित किया जाता है। जबकि शहरी जीवन के लिए यह वर्ग जीवनरेखा के रूप में कार्य करता है। नई नगरीय योजनाओं में तकनीक सुलभता के



बावजूद समेकित सेवाओं का अभाव परिलक्षित होता है। सड़कों, गलियों और उद्यानों में इतनी गाड़ियां होती हैं कि न तो पैदल चलने की जगह रह पाती है और न ही ठीक से सफाई कार्य हो पाता है।

शहरों के विकास में सर्वाधिक अहम भूमिका सार्वजनिक परिवहन की रहती है, जिसके बिना व्यापार एवं सामान्य जीवन निजी वाहनों पर निर्भर रहता है और वातावरण प्रदूषित होता रहता है। हालांकि मेट्रो नेटवर्क के विकास और इलेक्ट्रिक बसों के विस्तार से थोड़ा सुधार होना शुरू हुआ है। शहरी सार्वजनिक परिवहन को मात्र यात्रा के साधन के रूप में नहीं, बल्कि पर्यावरण, आर्थिक बचत और सामाजिक विकास के साधन के रूप में भी समझा जाना चाहिए।

संभवतः पश्चिम में ऐसा कोई भी विकसित शहर नहीं होगा, जो बिल्डिंग लाइन का अनुसरण नहीं करता हो। वहां सौंदर्यीकरण के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं के विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। आज जब हम नए भारत की अवधारणा के साथ विकास की नीतियों का निर्धारण कर रहे हैं, तो हमारा ध्येय समेकित और समावेशी विकास होना चाहिए, जिसके मूल में आमजन, बेहतर पर्यावरण, व्यापक आजीविका के अवसर, सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवन हो, न कि मात्र सौंदर्यीकरण। बेहतर जीवन की अवस्थाओं से सौंदर्यीकरण स्वयमेव स्थापित हो जाएगा।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**

# जन समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए:कलेक्टर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने 73 आवेदनों पर सुनवाई की और प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर सुश्री मीना ने जनसुनवाई में लंबित जनसुनवाई के प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा की। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

जनसुनवाई में इटारसी निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग रामाधार कुशवाहा ने कलेक्टर को बताया कि उनके पास दो रहवासी मकान है। जिस पर उनकी बेटियों ने कब्जा कर उन्हें घर से बाहर निकाल दिया है। वर्तमान में वे किराए के मकान में रह रहे हैं। उनकी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं हैं। जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना ने एसडीएम इटारसी को माता-पिता भरण पोषण अधिनियम के तहत शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनसुनवाई में इटारसी निवासी शमशाद बेगम ने बताया कि उनके पुत्र की कान की समस्या है। जिसमें चिकत्सक द्वारा विशेष प्रकार की कान की मशीन लगाने के लिए कहा है।उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर जिससे वे कान की मशीन लेने में समर्थ नहीं हैं। जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना ने आवेदक को आयुष्मान योजना के तहत लाभान्वित करने और रेडक्रॉस से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में सोहागपुर निवासी कृषक आजाद सिंह ठाकुर ने सेवा सहकारी समिति करणपुर के समिति प्रबंधक द्वारा अनियमिताएं बरतने एवं किसानों को परेशान करने की संबंध में शिकायत की। जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना ने उपायुक्त सहकारिता को आवेदन की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में तहसील पिपरिया गोविंद प्रसाद राय ने बताया कि उन्होंने ट्रैक्टर के लिए ऋ़ण लिया था। वे लगातार ट्रैक्टर की किश्त समय पर भरते आ रहे हैं। बीच में उन्हें टीबी होने के कारण काफी पैसा बीमारी के इलाज में खर्च हुआ है। उन्हें किश्त जमा करने के लिए एक माह की रियायत दी जाए। जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना ने जिला अग्रणी प्रबंधक को आवेदन पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कई गतिविधियां

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 19 जनवरी 2024 से 24 जनवरी 2024 तक संचालनालय, महिला एवं बाल विभाग के निर्देशानुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है ।इसी तारतम्य में दिनांक 23 जनवरी 2024 को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला नर्मदापुरम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बालिकाओं द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। बालिकाओं के लिए खेल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई ।प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया ।बालिकाओं को श्रीमती लता नागराज ,पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास द्वारा माहवारी स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई। बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन का भी वितरण किया गया।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला प्राचार्य श्रीमती अर्चना मिश्रा द्वारा बालिकाओं से राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं महिला सशक्तिकरण के संबंध में चर्चा की गई।चर्चा के उपरांत विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुनीता सिंह शिक्षिका, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती प्रीति यादव परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम शहरी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की बालिकाएं, शिक्षिकाएं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने रक्तदान के प्रति फैली भ्रांतियों को किया दूर

# रक्तदान महादान, सभी रक्तदान में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं: कलेक्टर



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

रक्तदान महादान है,जीवनदान है। सभी नागरिक रक्तदान में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं। साथ ही रक्तदान के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर कर अन्य लोगों को भी इस पुनीत कार्य के प्रति प्रेरित करें। यह बात नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को जिले की तहसील माखननगर के ग्राम बछवाडा में आयोजित रक्तदान शिविर में कहीं। उन्होंने कहां की एक स्वस्थ व्यक्ति निर्धारित समय समय पर रक्तदान कर सकता है। जिससे किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती हैं। रक्तदान से कमजोरी आती है, इस प्रकार की भ्रांतियों को जड़ से मिटाएं। उन्होंने कहा कि गंभीर दुर्घटना से ग्रस्त व्यक्ति, सिकालसेल एनीमिया के मरीज , गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान आवश्यकता पड़ने पर तथा अन्य जरूरतमंदों को रक्त की आपूर्ति ब्लड बैंक द्वारा की जाती है। रक्त की पर्याप्त उपलब्धता के लिए सभी महिलाएं एवं पुरुष सकारात्मक सोच के साथ रक्तदान करें। कार्यक्रम में अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी श्री चंद्र गोपाल मलैया ने भी संबोधित कर सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में दिव्यांग राजू मीना को रक्तदान कर प्रेरक की भूमिका निभाने के लिए सम्मानित भी किया गया। शिविर में लगभग 30 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।

**माखननगर के ग्राम बछवाडा में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर.**

वरिष्ठ डॉक्टर राजेश महेश्वरी ने ग्रामीणों को बताया कि जिले में गंभीर बीमारियों से संबंधित मरीजों और दुर्गाघटनाग्रस्त व्यक्तियों को ब्लड की आवश्यकता होती हैं। जरूरतमंदो को समय पर ब्लड उपलब्ध हो सके, इस उद्देश्य से रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा निरंतर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि विगत अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक कुल 37 ब्लड कैंप का आयोजन किया गया है जिससे 757 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया है। साथ ही 932 लोगों को निशुल्क भी ब्लड उपलब्ध कराया गया है। जिसका पूरा रिकॉर्ड जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संधारित किया जाता है। इस अवसर पर केशव साहू मुकेश श्रीवास्तव गौरव सेठ , नीरजा फौजदार, ग्राम बछवाड़ा के सरपंच हेमराज साहू ,अरविंद साहू , चंद्रकांत मीना , ग्राम आरी से पूर्व सरपंच बालकदास यादव भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर मीना ने तहसील कार्यालय माखननगर का किया औचक निरीक्षण

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को तहसील कार्यालय माखननगर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां न्यायालय तहसीलदार का निरीक्षण कर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति देखी। इस दौरान उन्होंने स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने तहसीलदार माखननगर को निर्देशित किया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाएं। राजस्व महा अभियान अंतर्गत दर्ज प्रकरणों का भी समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराएं।



उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत ग्राउंड ट्रुथिंग से लेकर अधिकार अभिलेख प्रकाशन तक की सभी कार्यवाही निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के तहत नक्शे निर्धारित मानकों के अनुसार तैयार किए जाएं। तहसीलदार स्वयं भी तैयार नक्शों की जांच करें। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण की निरंतर मॉनिटरिंग करें । तहसील कार्यालय में मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम भी संचालित किया जाए।

उन्हीने निर्देशित किया कि पटवारियों की निरंतर बैठक आयोजित कर उनके कार्यों की समीक्षा करें। कम प्रगति वाले पटवारियों की विशेष रूप से सतत मॉनिटरिंग की जाए। इस दौरान कलेक्टर सुश्री मीना ने तहसील कार्यालय आए लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान तहसीलदार माखननगर सुनील ग्रेवाल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अपनी उपज बेचने के बाद महीनों से नहीं हो रहा है भुगतान, दर-दर भटक रहा है किसान

### कलेक्टर और एसडीएम से लगाई गुहार

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

देश का पालनहार किसान आज अपनी उपज को बेचने के बाद भी भुगतान के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है वही मार्केटिंग द्वारा खरीदी गई उपज को कई दिनों बाद वापस उठाने के लिए नोटिस पर नोटिस जारी कर रहे हैं। अब इस स्थिति में किसान ने अपनी गुहार नर्मदा पुरम के जिला कलेक्टर और सिवनी मालवा के अनुविभागीय अधिकारी से एक शिकायती पत्र के माध्यम से भुगतान कराए जाने की मांग रखी है। मध्यप्रदेश शासन की ई-उपार्जन योजना में विक्रित ज्वार की फसल का भुगतान नहीं मिलने के संबंध में किसान विज्ञापन के माध्यम से बताया कि मैं प्रार्थिनी श्रीमती संध्या/साक्षी मीना, निवासी ग्राम नगवाड़ा, तहसील माखननगर, जिला -नर्मदापुरम,मध्यप्रदेश ने अपने स्वामित्व की कृषि भूमि पर खरीफ फसल में ज्वार की फसल बोई थी और मध्यप्रदेश शासन की ई-उपार्जन योजना के अंतर्गत इसका पंजीयन करवाकर शासन द्वारा निर्धारित खरीदी केंद्र बालाजी वेयरहाउस बानापुरा पर ले जाकर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए विक्रय की थी। किसी भी ई-उपार्जन केंद्र पर पहले किसान की फसल का गुणवत्ता परीक्षक (सर्वेयर) द्वारा परीक्षण किया जाता है, फिर निर्धारित मानक स्तर की फसल होने के बाद उसकी तुलाई की जाकर फसल की तौल पर्ची दी जाती है, इसके बाद खरीदी केंद्र प्रभारी द्वारा फसल के भुगतान का देयक (बिल) जारी किया जाता है और इसके बाद किसान के बैंक खाते में भुगतान कर दिया जाता है।



**भुगतान के बदले उपज वापस लेने के लिए किसान को थमाये जा रहे हैं नोटिस**

मेरे द्वारा फसल विक्रय करने के पूर्व खरीदी केंद्र प्रभारी राजेन्द्र लौवंशी को अपनी ज्वार का नमूना दिखाया और फसल खरीदी केंद्र पर ले जाने से पहले उनसे पूछा था तो राजेन्द्र लौवंशी द्वारा फसल लेकर आने को कहा। इसके बाद ही मेरे द्वारा अपनी ज्वार श्रीबालाजी वेयरहाउस बानापुरा ले जाई गई और पुनः राजेन्द्र लौवंशी और खरीदी केंद्र पर नियुक्त फसल गुणवत्ता परीक्षक द्वारा ज्वार को देखकर ही उसकी 13/12/2023 को तुलाई की गई थी। जिसका मुझे लगभग डेढ़ माह बाद भी आज दिनांक तक भुगतान नहीं किया गया है। चूंकि मुझे आगामी रबी फसल एवं घर खर्च के लिए पैसे की बहुत आवश्यकता है। ऐसी स्थिति में मैं बहुत मानसिक अवसाद में हूं और अपने आप को असहाय महसूस कर रही हूं।

# यूजीसी नेट व अन्य परीक्षाओं की तैयारी करने पर कार्यशाला आयोजित की गई

**नर्मदापुरम।** नर्मदा महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग और आई क्यू ए सी द्वारा प्रतियोगी परीक्षाएं एवं यूजीसी नेट की तैयारी कैसे करें विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। संयोजक डॉ ममता गर्ग ने उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि विद्यार्थी कोचिंग कक्षाओं में मोटी फीस और कई वर्षों तक अपना समय भी बर्बाद करते हैं किंतु नतीजे शून्य होते हैं अतः कार्यशाला के माध्यम से कालेज के ही अनुभवी और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल छात्रों द्वारा मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करने की पहल है। मुख्य वक्ता डॉ सविता गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को अपने उद्बोधन में एकाग्रचित होकर पढ़ने की सलाह दी । उन्होंने स्वाध्याय पर प्रकाश डालते हुए आत्मविश्वासी बनने की बात कही। इसी श्रृंखला में कालेज के हिंदी विषय के शोधार्थी एवं वक्ता के रूप में देवांश बैरागी ने परीक्षा के पाठ्यक्रम से लेकर, मार्गदर्शिका के चयन,नोट्स,रिवीजन और परीक्षा तक तैयारियों को बिंदुवार समझाया। उन्होंने कहा थोड़ा डर आवश्यक है जो हमें आगे बढ़ाता है किंतु समय और तनाव प्रबंधन हम स्वयं करें। वहीं शोधार्थी मनीष कटारे ने नेट परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय पेपर के साथ पाठ्यक्रम संबंधित संशय को स्पष्ट किया। डॉ अंजना यादव ने विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक स्तर पर, पढ़ाई की विधियों, प्रतिदिन अखबार पढ़ने और प्रमुख समाचारों को देखने की आवश्यकता पर जोर दिया।अंत में उपस्थित विद्यार्थियों केशव पटेल,विमला धुर्वे, केतन, जिम्सी वर्गीस ,विधि पटेल,साक्षी आदि ने अपने जिज्ञासा पूर्ण प्रश्न किये और फीडबैक भी दिए। वक्ताओं द्वारा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान और मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन और आभार डॉ मीनाक्षी ठाकुर का रहा।

# जिले में माह जनवरी के लिए 48 किलो लीटर केरोसीन का आवंटन प्राप्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में माह जनवरी 2024 के लिए 48 किलों लीटर केरोसिन का आवंटन थोक डीलर एवं कंपनीवार प्राप्त हुआ है। उक्त प्राप्त केरोसिन का तहसीलवार एवं डीलरवार उपवंटन कर दिया गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक नर्मदापुरम ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए थोक डीलर को निर्देशित किया है कि वे संबंधित तहसील में कार्यरत सेमी होलसेलर को आवंटित केरोसीन अनुसार केरोसिन वितरित करे तथा जो थोक डीलर सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकान में सीधे केरोसिन वितरण करते है। वे सीधे उचित मूल्य दुकान में वितरित करे। केरोसिन का वितरण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में माह जनवरी 2024 के लिए अन्योदय अन्न योजना के तहत 2 लीटर के मान से क कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर से वितरण कराना सुनिश्चित करे। केरोसिन का उठाव 20 जनवरी तक करना अनिवार्य है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने समस्त थोक एवं सेमी होलसेलर केरोसीन डीलर को निर्देशित किया है कि वे केरोसीन के उठाव एवं वितरण का मासिक एवं साप्ताहिक पत्रक समयावधि में जिला कार्यालय को अनिवार्य रूप से भेजे, निर्धारित समयसीमा में साप्ताहिक एवं मासिक पत्रक ने भेजने की दशा में संबंधित के विरुद्ध मध्यप्रदेश केरोसिन व्यापारी अनुज्ञापन आदेश 1979 के प्रावधान अंतर्गत दंडनीय कार्यवाही की जाएगी।

## जिला पंचायत की सामान्य बैठक 31 को

**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी की अध्यक्षता में जिपं की सामान्य बैठक बुधवार 31 जनवरी को आयोजित की गई है कि जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने बताया कि यह बैठक जिला पंचायत के सभागार कक्ष में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। बैठक की सूचनाएं समिति के सभी सम्माननीय सदस्यों को प्रेषित की जा चुकी है। जिला पंचायत सीईओ डॉ भरसट ने सामान्य सभा बैठक ऐजेण्डा के संबंध में बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा विभागो से किए गए पत्राचार का उत्तर ना दिए जाने के संबंध में चर्चा की जाएगी इसके अलावा जिला शिक्षा केन्द्र के निर्माण मरम्मत कार्य, नलजल योजनाओं की समीक्षा, आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत बजट एवं योजनाओं की जानकारी, जिले में पदस्थ शिक्षक तथा उनकी उपस्थिति संबंधी जानकारी, स्वास्थ्य विभाग की संचालित योजनाओं की समीक्षा तथा 15वें वित्त आयोग के संशोधित प्रस्तावों पर चर्चा इत्यादि शामिल है।


## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति बानापुरा जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.)

mpapmcbanapura@gmail.com

क्र./मण्डी/स्टोर/2023-24/917 बानापुरा दिनाक 2 जनवरी 2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सभी वर्दी सामग्री निर्माता/विक्रताओं/शासकीय / अर्थशासकीय संस्थाओं / सप्लायरो को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति बानापुरा जिला नर्मदापुरम में कार्यरत कर्मचारियों को ड्रेस कोड वर्दी सामग्री एवं गर्म कोट कय कर प्रदाय किये जाना है। जिसकी सूची कार्यालय (अवकाश दिवसों को छोडकर) स्टोर शाखा में देखी जा सकती है। सूबी अनुसार ड्रेसकोड सामग्री एवं गर्म कोट हेतु प्रत्येक सामग्री अनुसार दर आमंत्रित की जाती है।

अतः इक्छुक व्यक्ति सामग्री निर्माता/विकताओं/शासकीय/अर्धशासकीय संस्थाओं / सप्लायरो सामग्रीवार निविदा हेतु निविदा फार्म दिनाक 01.02.2024 दोपहर 03 बजे तक 500/-रु जमा कर प्राप्त कर सकते है। निविदा दरे बद लिफाफे में दिनाक 02.02.2024 दोपहर 01 बजे तक कार्यालय में प्रस्तुत /प्रेषित कर सकते है। इसके बाद प्राप्त बंद लिफाफे स्वीकार नही किये जायेगे। तथा बंद लिफाफे उसी दिन शाम 04 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जावेगे। तत समय सबंधित निविदा दाता उपस्थित रह सकते हैं। निविदा दरे स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार शर्ते अधोहस्ताक्षरी का रहेगा।

**शर्तें:-**

1. वर्दी सामग्री उच्च क्वालिटी की प्रदाय करनी होगी
2. अधिकारियो कर्मचारियो की वर्दी का माप एवं जूते का नबर कार्यालय में आकर लेना होगा। एवं निर्धारित साईज की
वर्दी, गरम कोट, जूते, सेंडल तैयार कर प्रदाय करना होगा।
3. निविदा जमा करने के साथ 1000/-रू प्रतिभूति बतौर नगदी जमा करना अनिवार्य है।
4 सफल निविदा दाता को कार्यदेश प्राप्ती के 15 दिवस में वर्दी एवं सामग्री प्रदाय करना होगी।

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति
बानापुरा जिला नर्मदापुरम

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
बानापुरा जिला नर्मदापुरम


**मेट्रो एंकर** | समूह संचालक उधारी में करता रहा काम, उधारी में राशन मिलना हुआ बंद

# राशन नहीं मिलने के कारण ग्राम इकलानी और बटकी की शालाओं में मध्यान्ह भोजन बंद

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

### बच्चों का भोजन भी बंद, एसडीएम ने दिए जांच के आदेश



ग्राम इकलानी की प्राथमिक और माध्यमिक शाला तथा ग्राम बटकी की प्राथमिक शाला में स्व सहायता समूह संचालक ने भोजन बनाना बंद कर दिया है । इसके पीछे का कारण यह है की मध्यान भोजन बनाने के लिए सहकारी समिति से मिलने वाला राशन नहीं मिला तो समूह संचालक उधारी में लेकर काम करता रहा जब उधारी मिलना बंद हो गई तो शालाओं में भोजन भी बंद हो गया ।

आदिवासी अंचल की ग्राम इकलानी की माध्यमिक शाला में 89 विद्यार्थी, प्राथमिक शाला में 38 और मूलत आदिवासी ग्राम बटकी की प्राथमिक शाला में 44 बच्चे हैं । इस तरह कुल 171 बच्चों के लिए सोसाइटी से राशन लेकर स्व सहायता समूह द्वारा स्कूली बच्चों को भोजन बनाकर वितरण किया जाता रहा है । किंतु माध्यमिक शाला के लिए मिलने वाला राशन अगस्त 2023 से नहीं मिला है जबकि दोनों प्राथमिक शालाओं के बच्चों के लिए राशन पिछले दो माह से नहीं मिला है । ऐसी स्थिति में स्व सहायता समूह संचालक उधारी में राशन की व्यवस्था करता हुआ भोजन बनाकर बच्चों को खिलाता रहा किंतु पिछले 15 दिनों से दुकानदार ने उधारी में राशन देने से मना कर दिया जिसके कारण 171 बच्चों के लिए बनने वाला मध्यान्ह भोजन बंद हो गया ।

### विकास यात्रा में दिया आवेदन, कोई कार्यवाही नहीं

18 जनवरी को ग्राम इकलानी में विकास यात्रा पहुंची थी जहां स्कूली बच्चों को मध्यान भोजन नहीं और सोसाइटी संचालक द्वारा 6 माह से राशन नहीं दिए जाने की शिकायत की थी किंतु शिकायत मिलने के बाद भी खाद्य अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई और आज भी स्व सहायता समूह को राशन नहीं मिला परिणाम स्वरूप स्कूली बच्चे भोजन से महरूम है ।

### पूरे मामले की जांच करने की एसडीएम ने दिया आदेश

ग्राम इकलानी और बाटकी के 171 बच्चों को 15 दिनों से मध्यान्ह भोजन नहीं मिलने की सूचना मिलने के साथ ही एसडीम प्रमोद सिंह गुर्जर ने खाद्य अधिकारी को इस मामले की पूरी जांच कर प्रतिबंधन सौंपने के आदेश जारी कर दिए हैं एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि बच्चों के मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था तुरंत कराई जाएगी ।



## मदन मोहन सरकार मंदिर में , 701 दीप जलाकर मनाई प्राण प्रतिष्ठा की खुशी



**सिरोंज।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी की अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद शहर में कई अब आयोजन हुए । नगर के प्रसिद्ध मंदिर मदन मोहन सरकार के दरबार में 701 दीप जलाकर रामलाल के विराजमान होने का उत्सव मनाया गया। यहां का मनमोहन नजारा दिवाली जैसा देखने को मिल रहा महा आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। मदन मोहन सरकार मंदिर पर सभी त्यौहार उत्सव पूर्वक मनाया जाते हैं । नगर पालिका परिषद के द्वारा पंचकुइयों पर 501 दीप जलाकर उत्सव मनाया।

## नगर पालिका ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मनाई जयंती




**सिरोंज।** मंगलवार को नगर पालिका परिषद के द्वारा स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। सभी उनके चित्र के समक्ष माल्यार्पण करके उनके द्वारा देश हित में लिए किए गए कामों तथा उनके बलिदानों को याद करते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू ,उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, पारस तरण ,शिवकुमार भार्गव ,जय नारायण , हरीबाबू भार्गव ,हरिचरण अहिरवार, संजय सोनी , गुड्डू यादव आदि मौजूद थे।

### नगर पालिका उपयंत्री नहीं दे रहे ध्यान, ठेकेदार उठा रहे हैं फायदा

# नर्मदा रेत की जगह चूरी डालकर बना रहे हैं सीसी, चढ़ रही भ्रष्टाचार की भेंट



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगरीय क्षेत्र में अधिक जगह गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य नहीं हो रहा है ।इसकी वजह से सड़क बनने के चंद दिनों के बाद ही गढ़ों में तब्दील होने लगते हैं। घटिया काम की शिकायत मिलने पर विधायक के द्वारा भी कई बार जिम्मेदारों को खूब खरी खोटी भी सुनाई है फिर भी इनके रवैया में परिवर्तन नहीं हो रहा है। कई बार जानकारी होने के बाद भी नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। इसका फायदा उठाकर ठेकेदार लीपापोती करके निर्माण कार्य कर देते हैं और सीसी सड़कें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं ऐसे कई सड़कें पहले भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है जिनको दोबारा से बनवाया जा रहा है। गुणवत्ता युक्त निर्माणकारी हो उसके लिए उपयंत्री तैनात किए गए हैं पर ,इनके द्वारा कार्यालय में बैठकर ही खाना पूर्ति कर दी जाती है या इनकी अनदेखी की वजह से ही अधिकांश गुणवत्ता युक्त नहीं बन पा रही हैं। जिस समय निर्माण कार्य होता उस समय जिम्मेदार अधिकारी जांच करने के लिए नहीं पहुंचते हैं तो इसकी का फायदा उठाकर ठेकेदार अपने हिसाब से घटिया सामग्री का प्रयोग करके सड़के बनाने में खाना पूर्ति कर रहे हैं । निर्माण कार्य पहले भी नगरी क्षेत्र में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुके हैं फिर भी जिम्मेदारों की आंखें नहीं खुल रही हैं इनके सामने ही फिर भ्रष्टाचार हो रहा है फिर भी उसको रोकने रोकने का काम नहीं कर रहे हैं। कई सडके तो पहले ऐसी बनी है शहर में जो चंद दिनों के बाद ही गढ़ों में तब्दील हो गई है। अब इनको दोबारा से बनवाने के लिए रिटेंडर नगर पालिका के द्वारा बुलाए गए हैं। शासन का पैसा खर्च होने के बाद उसका फायदा लंबे समय तक नहीं मिल पाता है।

क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा लगातार गुणवत्ता विहीन काम करने वाले ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए जा रहे हैं ।इसके बाद भी कई ठेकेदारों के द्वारा आंखें बंद करके घटिया काम को अंजाम दिया जा रहा है ।इसी तरह की एक तस्वीर नगर पालिका के थोड़े सामने और थाने के सामने सीसी रोड का निर्माण हो रहा है। इसमें गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

संबंधित ठेकेदार के द्वारा नर्मदा रेत की जगह पर चूरी मिलकर सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है, सड़क बनाने का कार्य काम कई दिनों से किया जा रहा है यहां से कई बार अधिकारियों तथा जनप्रतिंतियों का भी आना-जाना होता है इसके बाद भी किसी की निगाह इस तरफ नहीं जा रही है, इस बात को लेकर भी कई चर्चा हो रही है।नगर पालिका के जनप्रतिनिधि भी घटिया काम करने वाले ठेकेदार को रोकने टोकने का काम नहीं कर रहा है।अधिकांश सड़के अधिकारी के हिसाब से नहीं ठेकेदारों के हिसाब से बन रही है इस वजह से ही कई निर्माण पहले भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुके हैं एक बार फिर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती हुई है सड़क दिखाई दे रही है। समय रहते संबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई करते हुए गुणवत्ता युक्त काम नहीं कराया गया तो यहां सड़क भी जल्दी ही गढ़ों में तब्दील होने लगेगी ।जबकि उक्त सड़क मुख्य मार्गो को जोड़ने वाली है। जिसको बनवाने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी ने प्रयास किए है तब जाकर बन पा रही है। उस सी सी सड़क में भी गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है।

**इनका कहना है।**

गुणवत्ता का यदि ध्यान नहीं रखा जा रहा है और चूरी डालकर सीसीसी बनाई जा रही है तो हम इसकी जांच करवाते हैं।

**हर्षल चौधरी** एसडीएम

## कड़ाके की सर्दी जारी, फसलों को बचाने के लिए रात में किसान कर रहे हैं धुआं



**सिरोंज।** कड़ाके की सर्दी से निजात मिलती हुई दिखाई नहीं दे रही है इस वजह से अन्नदाताओं की चिंताएं भी बढ़ी हुई है उन्हें भी फसलों में नुकसान होने का डर सता रहा है। सुबह से ही सूर्य देवता के दर्शन हो रहे हैं फिर भी ठंड का एहसास दिन भर हो रहा है। ठंड से बचने के लिए लोग धूप का सहारा भी ले रहे हैं, गर्म कपड़े भी पहनने के बाद भी ठंड से बचाव नहीं हो पा रहा है । रात में तो कप-कप देने वाली सर्दी का सितम देखने को मिल रहा है 6 से 7 डिग्री तापमान रात का दर्ज हो रहा है ।दिन में भी ठंड के कारण लोगों की हालत खराब हो रही है ।इससे बचने के लिए लोग आग जलाकर हथ सकते हो नजर आ रहा है । सर्दी अधिक पढ़ने के कारण किसानों भी चिंतित दिखाई दे रहे हैं इस बार बारिश कम होने के कारण बड़ी मुश्किल से किसानों ने फसलों में पानी देकर फसलों को तैयार किया है दूसरी ओर सर्दी के सितम के कर्ण ने फसलों में पाल लगने का डर सता रहा यदि पाल लगता है तो किसानों को बहुत नुकसान उठाना पड़ेगा उत्पादन में भी गिरावट होगी । ठंड के कहर से फसलों को बचाने के लिए किसानों के द्वारा खेतों की मेड़ों पर रात में धुआ भी कर रहे हैं। कृषि विस्तार अधिकारी वीरेन मालवीय ने बताया कि सर्दी के कारण फसलों में नुकसान होने का डर जरूर हो रहा है अभी कहीं से नुकसान होने की जानकारी हमें नहीं मिली है।

## बोर्ड की परीक्षा पूर्ण पारदर्शी तरीके से संपन्न हो: कलेक्टर

**विदिशा ।** कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में कहा कि आगामी दिनों में बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ होंगी। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर मुख्यमंत्री जी एवं प्रमुख सचिव के द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में जिले में कहीं भी पेपर लीक की घटनाएं ना हो के लिए कड़े प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने सभी अनुभाग क्षेत्र के एसडीएमों से कहा कि यह सभी की नैतिक जवाबदेही है कि बोर्ड परीक्षा पूर्ण पारदर्शी तरीके से संपन्न हो इसके लिए विशेष तैयारी करें।

कलेक्टर श्री भार्गव ने कहा कि किसी भी स्थिति में पेपर लीक ना हो का विशेष ध्यान रखें। इस हेतु सेक्टर ऑफिसर की ड्यूटी लगाई जाएगी। बोर्ड परीक्षा के पेपर परीक्षा केंद्रों पर बिना किसी गड़बड़ी के पहुंच जाएं इसके लिए अभी से उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

**पेंशनरों की ई-केवायसी कराएं :** कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने कहा कि जिले में शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही जिन्हें पेंशन प्राप्त होती है , उन्हें पेंशन प्राप्त होने में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए शासन द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के परिपालन में ई-केवाईसी कराए जाना आवश्यक है।

बैठक में बताया गया की पेंशन प्राप्त कर रहे हितग्राही ई-केवाईसी कराएं ताकि पेंशन प्राप्त होने में किसी भी प्रकार की रुकावट ना हो। इस हेतु शासन की योजनाओं में जिन हितग्राहियों की ई-केवाईसी नहीं हुई है उनकी ई केवाईसी कराई जाने हेतु एसडीएमों को निर्देश दिए हैं।

## जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का हुआ निराकरण




**रायसेन ।** नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे तथा संयुक्त कलेक्टर श्री पीसी शाक्य द्वारा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

## अजमल शेर खान बने अध्यक्ष

**सिरोंज।** शनिवार को नगर के संपादकों की एक बैठक संपादक डा सुब्हान गौरी के कार्यालय पर आयोजित हुई, जिसमें सभी समाचार पत्रों के संपादक शामिल हुए बैठक में सभी संपादकों ने अपनी बात रखी।



मध्यप्रदेश के समाचार पत्रों के संपादकों के हित में कार्य करने हेतु सिरोंज जिला विदिशा मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश संपादक संघ का गठन किया गया जिसमें संपादक अजमल शेर खान को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया, अजमल शेर खान ने संघ का विस्तार किया, जिसमें संघ का उपाध्यक्ष वसीम अख्तर, सचिव नसीम इंजीनियर, कोषाध्यक्ष डा सुब्हान गौरी को अपने संघ के पदाधिकारी घोषित किये संघ की बैठक में वरिष्ठ संपादक फहीम खान, विनोद सेन, वाजिद कुरैशी, सलमान अमीन खान, जगदीश राजपूत, तौकीर खान, आदि संपादक उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश संपादक संघ अध्यक्ष बनने पर अजमल शेर खान एवं सभी संघ के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

**मेट्रो एंकर**

### पीएम विश्वकर्मा योजना जिला कौशल विकास समिति की बैठक आयोजित

# पारम्परिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता शुरू




रायसेन, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार जिला कौशल विकास समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें भारत सरकार की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के जिले में क्रियान्वयन, नवीन शासकीय आईटीआई सिलवानी में नवीन व्यवसाय प्रारंभ करने सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल राठौरिया, महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री दीपक संकत, शासकीय आईटीआई रायसेन के अधीक्षक श्री प्रदीप कुमार खातरकर सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में शासकीय आईटीआई रायसेन के अधीक्षक श्री प्रदीप कुमार खातरकर द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में बताया कि पारम्परिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पी.एम. विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा।

प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट भी मिलेगा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों में कारीगर बढ़ई, सुनार, गुडिया और खिलौना निर्माता, नाव निर्माता, कुम्हार, नाई, अस्त्रकार, मूर्तिकार (पत्थर तराशने वाला), माला निर्माता (मालाकार), लोहार, मोची (चर्मकार)/जूता कारीगर, धोबी, हथौड़ा, टूल किट निर्माता, राजमिस्त्री, दर्जी, ताला बनाने वाला, टोकरी, चटाई, झाडू निर्माता कॉयर बुनकर और मछली पकड़ने का जाल निर्माता शामिल है। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिये उम्र न्यूनतम 18 वर्ष होना चाहिए। पिछले 5 वर्षों में पीएमईजीपी स्वनिधि एवं मुद्रा योजना के तहत ऋण नहीं लिया हो। सहकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्य इस योजना के तहत पात्र नहीं होंगे। एक परिवार से एक ही को लाभ मिलेगा। योजना के लिये आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता और आधार कार्ड में मोबाईल नम्बर लिंक होना अनिवार्य है।



# गिल और शर्मा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, शास्त्री और इंजीनियर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**हैदराबाद।** बीसीसीआई के वार्षिक अवॉर्ड मंगलवार को हैदराबाद में वितरित किए गए। 2019 के बाद पहली बार बोर्ड ने खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया है। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज से पहले बीसीसीआई ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। समारोह में भाग लेने के लिए भारतीय टेस्ट टीम के सभी खिलाड़ी पहुंचे। खिलाडियों के साथ टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ भी पहुंचे। शुभमन गिल को साल 2023 के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मोहम्मद शमी को 2019-20, रविचंद्रन अश्विन को 2020-21 और जसप्रीत बुमराह को 2021-22 के लिए यह अवॉर्ड दिया गया।

महिला खिलाडियों में दीप्ति शर्मा को 2023 की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं। 2020 से 2022 के लिए इस अवॉर्ड को एक कर दिया गया। स्मृति मंधाना 2020-22 के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं। वहीं, 2019-20 के लिए दीप्ति शर्मा को पुरस्कार मिला।







## रवि शास्त्री को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

रवि शास्त्री को भी कर्नल सीएके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। रवि शास्त्री ने भारत के लिए 80 टेस्ट और 150 वनडे खेले हैं। उन्होंने बतौर कमेंटेटर भी खासा नाम कमाया है और वह दो बार भारतीय टीम के कोच भी रहे हैं। वह 2014 से 2016 के बीच टीम निदेशक रहे। उसके बाद वह 2021 के टी-20 विश्व कप तक टीम के मुख्य कोच रहे। उनके कोचिंग कार्यकाल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया से उसके देश में लगातार दो टेस्ट सीरीज जीती। हालांकि शास्त्री और विराट कोहली की जुगलबंदी में भारत आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाया।

## फारूक इंजीनियर को लाइफटाइम अर्चीवमेंट अवॉर्ड

महान खिलाड़ी फारूक इंजीनियर को कर्नल सीएके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। उन्होंने भारत के लिए 46 टेस्ट और पांच वनडे खेले। 1961 से 1975 के बीच उन्होंने टेस्ट में 2611 रन बनाए। इस दौरान दो शतक और 16 अर्धशतक लगाए।

# कोहली की जगह रजत को टेस्ट सीरीज में मिला मौका

**हैदराबाद , एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज कल शुरू हो रही है। दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। सीरीज के शुरुआती दो मैचों में दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली नहीं खेलेंगे। उन्होंने निजी कारणों से अपना नाम वापस लिया है। अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि उनके स्थान पर मध्य प्रदेश के बल्लेबाज रजत पाटीदार को टीम के साथ जोड़ा गया है। बीसीसीआई ने इसे लेकर कोई आधिकारिक एलान नहीं किया है।

रजत पाटीदार को हैदराबाद में बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह के दौरान देखा गया था। कहा जा रहा है कि वह टीम इंडिया के साथ जुड़ गए हैं। रजत रणजी ट्रॉफी विजेता टीम के सदस्य हैं। वह चौथे नंबर पर ही बल्लेबाजी करते हैं। उन्होंने अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए पहले अनौपचारिक टेस्ट में 151 रन की पारी खेली थी। इससे पहले पाटीदार ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ ही दो दिवसीय अभ्यास मैच में 111 रन बनाए थे। 30 साल के पाटीदार ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है और उनके आंकडे जबरदस्त हैं।



### नौ महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे पाटीदार

*पाटीदार ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 45.97 की औसत से 4000 रन बनाए हैं। रजत ने 12 शतक भी लगाए हैं। मध्य प्रदेश को रणजी चैंपियन बनाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। रजत ने 2021-22 सीजन में नौ पारियों में 82.25 की औसत से 658 रन बनाए थे। वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर थे। रजत ने मुंबई के खिलाफ फाइनल में मैच जिताने वाला शतक भी लगाया था। पाटीदार एड़ी की चोट के कारण लगभग नौ महीने तक बाहर रहे। उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। पिछले साल दिसंबर में रजत ने दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर अपना वनडे डेब्यू किया था।*

### विराट को लेकर बीसीसीआई ने क्या कहा था?

बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा था, 'विराट कोहली ने निजी कारणों का हवाला देते हुए बीसीसीआई से इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के पहले दो टेस्ट से हटने का अनुरोध किया है। विराट ने कप्तान रोहित शर्मा, टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं से बात की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है, लेकिन कुछ व्यक्तिगत स्थितियां उनकी उपस्थिति और पूरे ध्यान की मांग करती हैं।' बोर्ड ने आगे कहा, 'बीसीसीआई उनके फैसले का सम्मान करता है। बोर्ड और टीम प्रबंधन ने स्टार बल्लेबाज को अपना समर्थन दिया है और टेस्ट सीरीज में सराहनीय प्रदर्शन करने के लिए टीम के बाकी सदस्यों की क्षमताओं पर भरोसा है। बीसीसीआई मीडिया और प्रशंसकों से अनुरोध करता है कि वे इस दौरान विराट कोहली की निजता का सम्मान करें और उनके व्यक्तिगत कारणों पर अटकलें लगाने से बचें।'

### 29वां डीजीआना-आईईएस इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2024

# कृष्णकांत का दोहरा प्रदर्शन, डीजीपी एकादश का विजयी आगाज

**भोपाल।** स्थानीय ओल्ड कैम्पियन मैदान पर भोपाल खेल पत्रकार संघ द्वारा आयोजित 29वें डीजीआना-आईईएस इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में कृष्णकांत की शानदार बल्लेबाजी के कारण अंतिम गेंद तक चले बेहद रोमांचक मुकाबले में पीपुल्स समाचार ने स्वदेश को 2 रन से पराजित किया। वहीं के दूसरे मुकाबले में डीजीपी एकादश भोपाल ने कमिश्नर एकादश को 22 रनों से हराया। दिन के पहले मैच में पीपुल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में 7 विकेट पर 153 रन बनाए। संजय शर्मा ने 42 रनों की पारी खेली। स्वदेश की ओर से कृष्णकांत ने 3 विकेट झटके। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी स्वदेश की टीम 18 ओवर में 7 विकेट पर 151 रन बना सकी। स्वदेश की ओर से कृष्णकांत ने 45 गेंद पर 66 रनों की पारी खेली। इसके अलावा गनी ने 44 रन बनाए। पीपुल्स की ओर से विवेक और महेन्द्र ने दो-दो विकेट लिए। कृष्णकांत को मानसरोवर मैन आफ द मैच और संजय शर्मा को आरएनटीयू वैल्यूवल प्लेयर का अवार्ड दिया गया। पुरस्कार वितरण वरिष्ठ पत्रकार और भजन गायक रवि खरे ने किया। दूसरे मैच में डीजीपी एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 157 रन बनाए। राजवीर वैद्य ने 4 विकेट लिए। प्रज्ञा ने 62 रनों की पारी खेली। जवाब में कमिश्नर एकादश की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 135 रन ही बना पाई। विशाल ने 3 विकेट झटके।






## मेट्रो बाजार

# महंगा होगा सोना-चांदी, बजट से पहले सरकार ने बढ़ाई इंपोर्ट ड्यूटी



**नई दिल्ली।** गहनों में इस्तेमाल होने वाले सोने-चांदी के हुक, पिन, क्लैंप जैसे फाइंडिंग्स आइटम्स पर इंपोर्ट ड्यूटी 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है। फाइनैंस मिनिस्ट्री ने इसके साथ ही सोने-चांदी के सिक्कों पर इंपोर्ट ड्यूटी भी 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी। यह बढ़ोतरी 22 जनवरी से लागू मानी जाएगी। इस कदम के चलते गोल्ड-सिल्वर बार और इन फाइंडिंग्स पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी में अंतर खत्म हो गया है। इससे फाइंडिंग्स और कॉइंस को कम ड्यूटी पर आयात करने के बाद उन्हें पिघलाकर सोने-चांदी के गहने बनाने के धंधे पर लगाम लगेगी। मिनिस्ट्री ने एक नोटिफिकेशन में बताया कि सोने-चांदी की फाइंडिंग्स और सिक्कों पर अब 15 प्रतिशत की इंपोर्ट ड्यूटी होगी। इसमें 10 पर्सेंट की बेसिक कस्टम्स ड्यूटी के साथ अब 5 प्रतिशत एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट सेस भी शामिल कर दिया गया है।

# सेंसेक्स 100 अंक टूटकर संभला, निफ्टी 21250 के पार

**नई दिल्ली** । शेयर बाजार बुधवार को कमजोरी के साथ कारोबार की शुरुआत हुई। वैश्विक मिलेजुले ग्लोबल संकेतों का बाजार पर असर दिखा। शुरुआती कारोबार में प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। इस दौरान एक समय पर सेंसेक्स 200 अंक फिसलकर 70000 के स्तर तक फिसल गया। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी भी टूटकर 21200 के लेवल के नीचे पहुंच गया। हालांकि उसके बाद बाजार में खरीदारी लौटी। 9 बजकर 54 मिनट पर सेंसेक्स 198.32 (0.28 प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 70,650.25 के स्तर पर जबकि निफ्टी 69.16 (0.33 प्रतिशत) अंक मजबूत होकर 21,307.95 के लेवल पर कारोबार करता दिखा।

# पाक के मो.आमिर ने की अर्शदीप सिंह की तारीफ

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर का मानना है कि अर्शदीप सिंह के आने से भारत की बाएं हाथ के विश्वसनीय तेज गेंदबाज की लंबे समय से चली आ रही तलाश खत्म हो सकती है। भारतीय चयनकर्ताओं ने पिछले कुछ वर्षों में कई बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों को आजमाया है। इसमें से ज्यादातर गेंदबाज हालांकि लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहने के कारण टीम में जगह पक्की नहीं कर सके। आमिर ने 'इंटरनेशनल लीग टी 20' के इतर दुबई में कहा, 'अर्शदीप के पास बायें हाथ का बेहतरीन गेंदबाज बनने की क्षमता है। भारत को ऐसे तेज गेंदबाज की जरूरत है जो नियमित तौर पर 135-140 की गति से गेंदबाजी कर सके। वह पिछले कुछ समय में भारत के तेज गेंदबाजों की प्रगति से प्रभावित हैं। इसमें मोहम्मद सिराज ने उन्हें सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह चोट से वापसी के बाद अच्छा कर रहे हैं।'




**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# कंगना बोलीं- 'इमरजेंसी मेरा सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है'

**कंगना** रणौत इस वक्त अपनी आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर चर्चा में हैं। आज उन्होंने इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठाया है। इस फिल्म में कंगना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। यह फिल्म देश में लगे आपातकाल पर आधारित है। आज फिल्म का टीजर भी जारी किया गया है। इस बीच कंगना ने इस फिल्म को लेकर बात करते हुए इसे अपना सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बताया है।

**फिल्म को लेकर कही ये बात:** कंगना रणौत का कहना है, 'इमरजेंसी फिल्म मेरा सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। मणिकर्णिका के बाद ये दूसरी फिल्म है, जिसका निर्देशन मैंने किया है। इस मेगा बजट और शानदार फिल्म के लिए शानदार भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाओं ने साथ मिलकर काम किया है'। इस फिल्म में कंगना के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े जैसे सितारे भी नजर आएंगे।

**अभिनेत्री ने साझा किया टीजर:** कंगना ने आज 'इमरजेंसी' की रिलीज से पर्दा उठाया है। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म का टीजर जारी किया। टीजर की शुरुआत 25 जून 1975 से होती है, जब इंदिरा गांधी की सरकार ने भारत में आपातकाल की घोषणा की थी। फिल्म में जयप्रकाश नारायण की भूमिका निभा रहे अनुपम खेर भी टीजर में सलाखों के पीछे एक प्रभावशाली उपस्थिति दिखाते नजर आए।

**इसी साल होगी रिलीज:** यह फिल्म 14 जून, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए कंगना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, 'भारत के सबसे काले समय के पीछे की



# सैफ ने अफवाहों का किया खंडन, चोट को लेकर दी जानकारी

**सैफ** अली खान ने हाल ही में एक पुरानी चोट के लिए ट्राइसेप सर्जरी करवाई है। इस बारे में बात करते हुए अभिनेता ने बताया कि उन्होंने लंबे समय तक इस चोट को नजरअंदाज किया था। उन्होंने कहा कि जब दर्द असहनीय हो गया तो उन्होंने आखिरकार सर्जिकल प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का फैसला किया। उन्होंने गलत सूचना फैलाने वालों की भी जमकर आलोचना की और सफाई देते हुए कहा कि न तो उनका घुटना और न ही उनकी पीठ में चोट लगी थी।

अभिनेता ने बताया कि उनके ट्राइसेप में लंबे समय से रुक-रुक कर दर्द हो रहा था, लेकिन कुछ मौकों पर यह अधिक तेज हो जाता था। सैफ ने एक बातचीत में कहा, 'कई बार इससे असहनीय दर्द होता था... मुझे वास्तव में नहीं पता था कि चोट कितनी गंभीर थी।'

अभिनेता ने खुलासा किया कि जब वे 'देवरा' के लिए कुछ एक्शन सीक्वेंस कर रहे थे तो उनकी ट्राइसेप बुरी तरह चोटिल हो गई थी। कोराटाला शिवा के निर्देशन में बन रही इस तेलुगु फिल्म में एनटीआर जूनियर मुख्य भूमिका में हैं। अभिनेता ने बताया कि दर्द के बावजूद उन्होंने यह मानकर काम करना जारी रखा कि सब कुछ ठीक है। सैफ ने कहा, 'तब मैं वर्कआउट कर रहा था और दर्द बढ़ गया और फिर ठीक भी हो गया।'

सैफ ने साझा किया कि जब दर्द काफी ज्यादा बढ़ गया तब उन्होंने एमआरआई करवाया। अभिनेता ने कहा, 'तब हमें पता चला कि ट्राइसेप का टेंडन बहुत बुरी तरह से फट गया था, जो रबर बैंड की तरह मुश्किल से अपनी जगह पर टिका था और किसी भी क्षण टूट सकता था।'



# प्रभास की चाची की अपील, बोलीं- अभिनेता के स्वास्थ्य-शादी पर अफवाहें फैलाना बंद करें

**प्रभास** इस समय अपनी फिल्म सालार- पार्ट 1 - सीजफायर की सफलता का आनंद ले रहे हैं। अभिनेता अक्सर अपने रिश्ते और शादी की अफवाहों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। हालांकि, अभिनेता अपनी लव लाइफ को लेकर सार्वजनिक रूप से कभी भी बात नहीं करते हैं। उन्होंने निकट भविष्य में शादी के बंधन में बंधने के बारे में भी अब तक कुछ नहीं कहा है। इस बीच अपने एक ताजा इंटरव्यू में प्रभास की चाची श्यामला देवी ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे अभिनेता के स्वास्थ्य या शादी के बारे में अफवाहें न फैलाएं।

हाल ही में ज्योतिषी वेणु स्वामी ने अभिनेता के स्वास्थ्य के बारे में भविष्यवाणी की थी, जिसके बाद से ये अफवाहें और फर्जी खबरें सामने आने लगीं कि प्रभास की शादी अल्पकालिक होगी और इसका अभिनेता की स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यह बात प्रभास के परिवार को अच्छी नहीं लगी और उनकी चाची ने उचित सत्यापन या कुंडली के ज्ञान के बिना अभिनेता के भविष्य की भविष्यवाणी करने के लिए ज्योतिषी की आलोचना की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, श्यामला देवी ने कहा, 'उनके स्वास्थ्य के बारे में बहुत सारी अफवाहें हैं। मैं बहुत से लोगों को उनके स्वास्थ्य, शादी और बाकी की चीजों के बारे में बात करते हुए देखती हूं। ऐसी अफवाहें देखकर हमें दुख होता है। प्रभास की मां को छोड़कर उनकी कुंडली के विवरण के बारे में किसी को भी नहीं पता है। इसलिए मुझे आश्चर्य है कि अन्य लोग इसके बारे में कैसे बात कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि ऐसी अफवाहें फैलाना बंद किया जाए।' कई मीडिया रिपोर्टों में पहले दावा किया गया था कि 44 वर्षीय अभिनेता को शादी करने के विचार से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उनके सामने एकमात्र बाधा उनका असामाजिक स्वभाव है।



# देश के टॉप-10 थानों में देवास थाने का चयन



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा देश के10 सर्वश्रेष्ठ थानों में देवास के सिविल लाइन थाने का चयन किया गया है। यह उपलब्धि प्राप्त करने पर डीजीपी सुधीर सक्सेना ने पुलिस मुख्यालय, भोपाल में देवास के एसपी संपत उपाध्याय और सिविल लाइन थाना, देवास के टीआई अजय चानना को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए सम्मान-पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीजी (एससीआरबी) चंचल शेखर एवं एआईजी ऋचा चौबे उपस्थित रहे।

डीजीपी ने कहा कि सिविल लाइन थाना देवास को देश के टॉप 10 थानों में चयनित होना मध्यप्रदेश पुलिस के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि इससे प्रेरणा लेकर प्रदेश के सभी थानों को बेहतर कार्य करने का प्रयास करना चाहिए।

# बाइक मंदिर के पास दीवार से टकराई युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित सांची पार्लर के पास हनुमान मंदिर की दीवार से बाइक सवार टकरा गया। इस हादसे में बाइक सवार को गंभीर चोट आई थी। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। हादसा बीती रात करीब साढ़े 12 बजे के आसपास का है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि अभिषेक वानखेड़े पिता राजेश वानखेड़े (20) ए-16, बीडीए कॉलोनी सलैया में रहता था। पूर्व में ड्राइवरी करता था, लेकिन कुछ दिन से उसने ड्राइवरी बंद कर दी थी। अभी वह मजदूरी करता था। मंगलवार रात वह अपनी होंडा साइन बाइक से घर लौट रहा?था। बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। सांची पार्लर, हनुमान मंदिर के पास पहुंचते ही उसकी बाइक अनियंत्रित होकर मंदिर की दीवार में घुस गई।

तेज रफ्तार में बाइक घुसने के कारण दीवार टूट गई थी और बाइक के परखच्चे उड़ गए थे। अभिषेक को गंभीर चोट थी। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है।

### लगेज बैग, जेवरात, लेडीज पर्स और कीमती मोबाइल चोरी कर ले गए बदमाश

# चलती ट्रेनों-वेटिंग रूम से आधा दर्जन यात्रियों का लाखों का सामान चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**राजधानी से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों का सामान लगातार चोरी हो रहा है। पिछले चौबीस घंटों के भीतर वेटिंग रूम और चलती ट्रेनों में आधा दर्जन यात्रियों के लगेज बैग, मोबाइल फोन, लेडीज पर्स और जेवरात समेत लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया। जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, लेकिन आरोपियों का कुछ पता नहीं चल पाया है।**



### वेटिंग रूम से सैनिक का सामान चोरी

हिमांचल प्रदेश निवासी जगविंदर सिंह आर्मी में नौकरी करते हैं। रविवार को वह दिल्ली से भोपाल पहुंचे। यहां से उन्हें पुणे जाना था, लेकिन ट्रेन लेट होने के कारण वह स्लीपर वेटिंग रूम में आराम करने लगे तो नींद लग गई। रात करीब दो बजे नींद खुली तो उनके पास रखे दो लगेज बैग, पैंट की जेब में रखा पर्स, आगे की जेब में रखे दो मोबाइल फोन आदि गायब था। पर्स में आधार कार्ड, एक हजार रुपये नकदी, एटीएम कार्ड, आर्मी का आईडी कार्ड, बैग में रखे कपड़े समेत करीब चालीस हजार का सामान गायब था।

### पर्स से जेवरात और नकदी चोरी

नरसिंहगढ़ निवासी प्रतिभा नेमा पिछले दिनों जोधपुर एक्सप्रेस से अपने पति के साथ जोधपुर से भोपाल की यात्रा कर रही थी। रात को वह अपनी सीट पर सो गई थी। ट्रेन के विदिशा पहुंचने पर उन्होंने चाय वाले को पैसे देने के लिए अपना पर्स खोला तो अंदर रखा 4 तोला वजनी मंगलसूत्र और 5 हजार रुपये नकदी गायब थे। भोपाल पहुंचकर उन्होंने जीआरपी में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। डायरी आने के बाद विदिशा जीआरपी ने केस दर्ज कर लिया।

### शान ए भोपाल से महिला का मोबाइल चोरी

भोपाल निवासी सैयद सादक अब्बास पिछले दिनों शान ए भोपाल से दिल्ली से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उनकी पत्नी अपना मोबाइल सीट पर रखकर सो गई थी। ट्रेन जब बीना रेलवे स्टेशन पहुंची तो पत्नी का 20 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन गायब था। स्वास्थ्य खराब होने के कारण सैयद सादक ने करीब बीस दिन बाद थाने जाकर मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### रीवांचल एक्सप्रेस में युवक का मोबाइल चोरी

मैहर निवासी सतेंद्र पटेल पिछले दिनों रीवांचल एक्सप्रेस से मैहर से रानीकमलापति रेलवे स्टेशन की यात्रा कर रहे थे। उन्होंने अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पाइंट पर लगाया और सो गए। विदिशा पहुंचने से करीब बीस मिनट पहले नींद खुली तो उनका मोबाइल फोन गायब था। कोच के अंदर तलाश करने के बाद भी जब मोबाइल नहीं मिला तो जीआरपी पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### डाक्यूमेंट से भरा युवती का बैग चोरी

उत्तर प्रदेश के ललितपुर की रहने वाली कु. सजनी जोशी अमृतसर- दादर एक्सप्रेस के जनरल कोच में मंडीदीप से ललितपुर की यात्रा कर रही थी। इस दौरान बीना रेलवे स्टेशन के पास उसका एक पिट्ठू बैग चोरी हो गया। बैग में आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की मार्कशीट, आधार कार्ड, श्रमकार्ड, बैंक की पासबुक, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और इस्तेमाली कपड़े रखे हुए थे।

### युवती का मोबाइल और पर्स चोरी

मंडीदीप जिला रायसेन निवासी प्रियंका विश्वकर्मा रीवांचल एक्सप्रेस से रीवा से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की यात्रा कर रही थी। इस दौरान उन्होंने अपना लेडीज पर्स सिर के पास रखकर सो गई थी। बीना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के रुकने पर नींद खुली तो उनका पर्स गायब था। पर्स के अंदर एक मोबाइल फोन, एक हजार रुपये नकदी, चश्मा, कास्मेटिक समेत करीब दस हजार का सामान रखा हुआ था।

# सूने मकानों से जेवरात और नकदी समेत लाखों का सामान चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



राजधानी में सूने मकानों में चोरी और नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बदमाश विभिन्न मकानों से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, लेकिन एक भी वारदात के आरोपियों का सुराग नहीं लग पाया है।

पुलिस के मुताबिक बासेवनिया थानांतर्गत शिक्षक कालोनी बागमुंगालिया स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात और 15 हजार रुपए नकदी समेत कुल 90 हजार का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने राजेश चौकसे की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इसी प्रकार गोविंदपुरा थानांतर्गत शक्ति नगर स्थित चेतना जैन के मकान से चोर दिनदहाड़े चांदी के सिक्के और दो मोबाइल फोन समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत का खुलासा नहीं हुआ है। शाहपुरा स्थित सहयोग परिसर में बदमाशों ने एक मकान का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। पुलिस ने विनोद मालवीय की रिपोर्ट पर केस दर्ज किया है। इसी थानांतर्गत गुल मोहर कालोनी में रहने वाले अर्जुन देवड़ा के घर से चोर लैपटाप और सामान चोरी कर ले गए। चोरी गए लैपटाप की कीमत बीस हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार कटारा हिल्स थानांतर्गत आसाराम नगर फेस-3 स्थित निशा खत्री के घर से चोर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## काम का कहकर घर से निकले मिस्त्री की रेलवे ट्रैक पर मिली लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित कल्याण नगर ओवर ब्रिज पर मंगलवार सुबह एक मिस्त्री का शव रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया था। मृतक के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान कर ली गई है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या से जुड़ा नजर आ रहा है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह सूचना मिली थी कि किसी व्यक्ति का शव कल्याण नगर ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसकी पहचान गोविंद विश्वकर्मा (40) निवासी ओमकारा सेवनिया के रूप में की गई। पुलिस परिजन तक पहुंची और उनसे पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि गोविंद मिस्त्री का काम करता?था और प्रतिदिन की तरह मंगलवार सुबह भी वह काम पर जाने का कहकर निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा। पुलिस का कहना है कि परिजन के विस्तृत बयान नहीं हुए है।

## च लते-चलते गश खाकर गिरे अधेड़ व्यक्ति की मौत

**भोपाल।** कोलार इलाके में चलते-चलते गश खाकर गिरे एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बबलू यादव (50) बंजारी कालोर में रहते थे और प्रायवेट काम करते थे। सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे वह घर से निकलकर मोहल्ले में रहने वाले परिचित के पास मिलने जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में अचानक गश खाकर गिर पड़े। सिर चोट लगने से खून बहने लगा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें तुरंत ही इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां ज्यादा खून बहने के कारण डॉक्टरों ने बबलू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है।

**मेट्रो एंकर** शादी का प्रस्ताव नकारा तो सताना शुरू किया

# युवती का पीछा कर परेशान कर रहा था सहेली का भाई, पुलिस ने दर्ज किया केस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ पीछा कर छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी उसकी सहेली का भाई है, जो काफी दिनों से युवती को परेशान कर रहा था। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 21 वर्षीय युवती घरेलू काम करती है। गांव में रहने वाली एक युवती स्कूल के समय उसके साथ पढ़ती थी, इसलिए दोनों के बीच दोस्ती हो गई। सहेली उसके घर भी आती-जाती और फोन पर भी बातचीत करती थी। इसी बीच सहेली का भाई अरुण महावर कभी-कभार बात कर लिया करता था। करीब दो महीने पहले अरुण ने युवती को फोन किया और बोला कि वह उससे शादी करना चाहता है। इस पर युवती ने शादी से इंकार करते हुए उसे फोन करने से मना कर दिया। उसके बाद अरुण युवती का पीछा कर परेशान करने लगा। बीस जनवरी की रात करीब साढ़े सात बजे युवती पानी भरकर घर लौट रही थी, तभी रास्ते में अरुण ने उसके सामने गाड़ी का हार्न बजाया। युवती के पिता ने जब उसे ऐसा करने से मना किया तो वह गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दी और थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवाया।



### महिला का रास्ता रोक कर युवक ने की अश्लील हरकत

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ रास्ता रोक कर अश्लील हरकत करने और विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 32 वर्षीय महिला प्रायवेट काम करती है। उसके साथ काम करने वाली एक महिला ने अपने पति गणेश साकले को छोड़ दिया है। टाइल्स का काम करने वाले गणेश को लगता था कि महिला ने उसकी पत्नी को भड़काया है, इसलिए पत्नी ने उसे छोड़ा है। इसको लेकर वह आए दिन महिला का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। रविवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे गणेश ने जब दोबारा से इसी प्रकार की हरकत की तो पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### रात को सोते समय महिला ने तोड़ दिया दम

**भोपाल।** खजूरी सड़क इलाके में रात में सोते समय एक महिला की मौत हो गई। मौत का कारण हार्ट अटैक आना बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक प्रेमलता पत्नी राजेंद्र (50) सैनिक कालोनी खजूरी सड़क में रहती थी। रविवार की रात वह परिवार वालों के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई थी। सोमवार सुबह परिजनों ने उन्हें उठाने की कोशिश की तो वह बेसुध हालत में मिलीं। प्रेमलता तो तुरंत ही इलाज के लिए बैरागढ़ सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022